सोमवार, 20 अक्टूबर 2025

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

शुभ दीपावली

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, कार्तिक कृष्णपक्ष चतुर्दशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : दूसरों का सहयोग तभी मिलेगा जब आपके पैर ताकतवर होंगे।




**छुट्टी की सूचना**

समाज्ञा के पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं शुभेच्छुओं को कालीपूजा एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं। इस पावन पर्व के उपलक्ष्य पर समाज्ञा कार्यालय में 20 अक्टूबर 2025 को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 22 अक्टूबर 2025 को प्रकाशित होगा। –सम्पादक

# रोशनी से नहाये अयोध्या के घाट

## 26 लाख से अधिक दीये जलाकर बनाया विश्व रिकॉर्ड

**अयोध्या (उप्र) :** उत्तर प्रदेश की आध्यात्मिक नगरी अयोध्या में रविवार को दो विश्व कीर्तिमान बनाए गए। भव्य दीपोत्सव समारोह के दौरान एक साथ 26 लाख 17 हजार 215 दीप प्रज्वलित किये गये और 2,128 लोगों ने एक साथ सरयू आरती की। यह दोनों ही उपलब्धियां विश्व रिकॉर्ड के तौर पर दर्ज की गई हैं। राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' के प्रतिनिधियों ने ड्रोन से की गई दीयों की गणना की पुष्टि के बाद इस उपलब्धि की आधिकारिक घोषणा की। बयान के अनुसार, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह और प्रमुख सचिव (पर्यटन एवं संस्कृति) अमृत अभिजात ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि के सम्मान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गिनीज प्रमाण पत्र प्रदान किया। पहला गिनीज पुरस्कार उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग, अयोध्या जिला प्रशासन और डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा सबसे बड़ी संख्या में तेल के दीये जलाने के लिए दिया गया। बयान के अनुसार, दूसरा गिनीज पुरस्कार सर्वाधिक लोगों (2128) द्वारा एक साथ आरती करने के लिए दिया गया। यह पुरस्कार पर्यटन विभाग, अयोध्या जिला प्रशासन, अयोध्या और सरयू आरती समिति, अयोध्या को प्राप्त हुआ।



# प्राचीन काल में भारतीयों ने संस्कृति का प्रचार प्रसार किया, किसी पर आक्रमण नहीं किया: भागवत

**मुंबई :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि प्राचीन काल में भारत के लोग संस्कृति और विज्ञान का प्रचार प्रसार करने के लिए दुनिया भर में घूमें लेकिन उन्होंने कभी किसी पर न तो आक्रमण किया और न ही धर्मांतरण कराने में लिप्त हुए। यह बात उन्होंने यहां 'आर्य युग विषय कोश' की शुरुआत के अवसर पर कही। भागवत ने कहा कि कई आक्रमणकारियों ने भारत को लूटा और दास बनाया और आखिरी बार आक्रमण करने वालों ने भारतीयों के मस्तिष्क को लूटा। उन्होंने कहा, ''हमारे पूर्वज मेक्सिको से साइबेरिया तक गए और दुनिया को विज्ञान व संस्कृति सिखाई। उन्होंने किसी का धर्मांतरण नहीं किया और न ही आक्रमण किया। हम सद्भावना और एकता का संदेश लेकर गए।'' भागवत ने कहा, ''कई आक्रमणकारी आए और हमें लूटा, दास बनाया। आखिरी आक्रमणकारियों ने हमारे मस्तिष्क को लूटा। हम अपनी ताकत ही भूल गए और यह भी भूल गए कि हम दुनिया के साथ क्या साझा कर सकते है।'' उन्होंने कहा, ''आध्यात्मिक ज्ञान अब भी फल–फूल रहा है और आर्यवर्त के वंशज के तौर पर हमारे पास विज्ञान व अस्त्र–शस्त्र, शक्ति व सामर्थ्य, आस्था व ज्ञान है।''



# अंडमान में भारत के एकमात्र सक्रिय मिट्टी के ज्वालामुखी से एकत्र नमूने 2.3 करोड़ वर्ष पुराने: जीएसआई

**पोर्ट ब्लेयर :** अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के बाराटांग में भारत के एकमात्र सक्रिय मिट्टी के ज्वालामुखी से एकत्र किए गए नमूने 2.3 करोड़ वर्ष पहले के ओलिगोसीन युग के हैं। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ज्वालामुखी के मुहाने से निकले 'लिथोक्लास्ट', (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एक भूवैज्ञानिक संरचना) मिथाकारी समूह के बलुआ पत्थर और शेल से बने पाए गए, जो इसी भूवैज्ञानिक काल के हैं। अधिकारी ने बताया कि ओलिगोसीन एक भूवैज्ञानिक युग है जो लगभग 3.39 से 2.3 करोड़ वर्ष पूर्व तक चला, जिसमें घास के मैदानों का विस्तार, वैश्विक शीतलन, तथा प्रथम हाथियों, बिल्लियों और कुत्तों सहित कई आधुनिक स्तनपायी प्रजातियों का विकास हुआ। जीएसआई के उप महानिदेशक शांतनु भट्टाचार्य ने 'पीटीआई–भाषा 'को बताया, ''हमने दो अक्टूबर को रिपोर्ट किए गए सक्रिय मिट्टी के ज्वालामुखी का आकलन करने के लिए 8–9 अक्टूबर को मौके का मुआयना किया। हमने मिट्टी का नमूना एकत्र किया और पाया कि यह ओलिगोसीन युग का था।''



# अयोध्या में जनवरी से जून तक 23 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे

भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस वर्ष केवल जनवरी से जून के बीच यहां 23 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन–पूजन किया। एक आधिकारिक बयान में पर्यटन विभाग के आंकड़ों के हवाले से यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा वर्ष 2017 से शुरू किए गए दीपोत्सव ने देश–विदेश में अयोध्या का आकर्षण बढ़ा दिया है, इसी कारण अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। इनमें भारतीय पर्यटक तो अच्छी खासी संख्या में हैं ही, वहीं विदेशी पर्यटकों की रुचि भी प्रभु श्रीराम की नगरी में बढ़ी है।




# बिहार चुनाव 2025: महागठबंधन में सीट शेयरिंग पर नहीं बनी बात, कई सीटों पर होगा फ्रेंडली मुकाबला

**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए महागठबंधन में अभी तक सीट शेयरिंग पर सहमति नहीं बनी है। पहले दौर का नामांकन की भी तारीख खत्म हो गई है। प्रदेश की कई सीटों पर महागठबंधन के घटक दलों के बीच दोस्ताना मुकाबला देखने को मिल सकता है। बताया जा रहा है कि प्रदेश की कम से कम 7 सीटों पर फ्रेंडली मुकाबला हो सकता है। महागठबंधन के घटक दलों के बीच खींचतान अब सामने आ गई है। लालगंज विधानसभा सीट पर कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी आमने–सामने हैं। इसके अलावा कुटुम्बा विधानसभा सीट पर राजद ने कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के खिलाफ सुरेश पासवान को टिकट दिया है। वहीं वारसलीगंज में राजद ने अनीता देवी को उम्मीदवार बनाया है, जबकि कांग्रेस ने सतीश कुमार सिंह को टिकट दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक करीब 10 सीटें ऐसी है जहां पर महागठबंधन के घटक दलों के बीच सहमति नहीं बन पाई है।

# अफगानिस्तान और पाकिस्तान तत्काल संघर्षविराम पर सहमत

**इस्लामाबाद :** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच एक सप्ताह से जारी लड़ाई के बाद दोनों देश तत्काल संघर्ष विराम करने और स्थायी शांति सुनिश्चित करने के वास्ते एक ''तंत्र'' का गठन करने पर सहमत हो गए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। कतर के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, यह सफलता पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और अफगानिस्तान के कार्यवाहक रक्षा मंत्री मुल्ला याकूब के बीच दोहा में हुई वार्ता के बाद मिली। इस वार्ता की मध्यस्थता कतर और तुर्किये ने की। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच जारी लड़ाई में दर्जनों लोग मारे गए हैं और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। बयान में बताया गया है, ''बातचीत के दौरान, दोनों पक्ष तत्काल संघर्ष विराम करने और दोनों देशों के बीच स्थायी शांति एवं स्थिरता को मजबूत करने के लिए तंत्र स्थापित करने पर सहमत हुए।'' इसमें कहा गया है कि दोनों पड़ोसियों ने आने वाले दिनों में और बैठकें करने पर भी सहमति व्यक्त की है ताकि दोनों देशों में सुरक्षा एवं स्थिरता बनाए रखने के लिए संघर्ष विराम को सही तरीके से लागू किया जा सके।

**उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी–रिप्लेसमेंट सर्जरी**

**सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थेपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन**



**DR. SANTOSH KUMAR**
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी–रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए में 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:**
**DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION**
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org

Floow : facebook.com/poorvaorthopedic
www.twitter.com/poorvaortho



## ग्रीन पटाखों के साथ संयम भी जरूरी

दिवाली मनाने के उत्साही लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और एनसीआर में कुछ शर्तों के साथ ग्रीन पटाखे जलाने की अनुमति दे दी है। इसके बावजूद स्वच्छ हवा बनाए रखने व प्रदूषण नियंत्रण के लिए हमारे संयम व जिम्मेदार व्यवहार की जरूरत होगी। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि हमारी राष्ट्रीय राजधानी दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानियों में शुमार है। दुनिया के बीस शीर्ष प्रदूषित शहरों में करीब आधे भारत में हैं। पर्व, आस्था व विश्वास अपनी जगह हैं, लेकिन प्राणवायु का स्वच्छ रहना लाखों लोगों के जीवन का प्रश्न भी है। यही वजह है कि दिल्ली-एनसीआर में कुछ शर्तों के साथ दीपावली पर ग्रीन पटाखों की अनुमति देते वक्त सुप्रीम कोर्ट ने संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की नसीहत दी है, जिससे हमारी आस्था का सम्मान हो सके और पर्यावरण की रक्षा भी हो। निस्संदेह, कोर्ट के फैसले से वे लोग उत्साहित होंगे, जो ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति चाहते थे। लेकिन इसका एक पक्ष यह भी है कि पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोग इससे निराश हो सकते हैं। पर्यावरण प्रेमियों की चिंता वाजिब है। अक्सर देखा जाता है कि ग्रीन पटाखे जलाने वालों पर नियामक एजेंसियां निगरानी नहीं रख पाती हैं। चिंता की बात यह भी है कि ग्रीन पटाखों के नाम पर घातक पटाखे भी जलाए जा सकते हैं। विगत के अनुभव बताते हैं कि अदालती रोक के बावजूद त्योहार पर जमकर आतिशबाजी हुई थी। दरअसल, कुछ लोगों की दलील थी कि पर्व विशेष पर ही प्रदूषण के नाम पर रोक लगाई जाती है, जिससे त्योहार का रंग फीका हो जाता है। कुछ लोगों ने इसे प्रतिष्ठा का प्रश्न भी बना लिया। लेकिन सवाल यह है कि यह कैसे सुनिश्चित हो पाएगा कि ग्रीन पटाखों की आड़ में घातक पटाखे नहीं बेचे जा सकें। हमारी निगरानी करने वाली एजेंसियों व विभागों की कारगुजारियों पर अक्सर सवालिया निशान लगाए जाते हैं।

वैसे एक हकीकत यह भी है कि हर गली-मोहल्ले की दुकानों में प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों की निगरानी कर पाना व्यावहारिक भी नहीं है। इस बात को लेकर अक्सर बहस होती रही है कि परंपरागत रूप से दिवाली में पटाखों की अनिवार्यता नहीं रही है। निस्संदेह, दीप पर्व उजाले का उत्सव है, ताकि धरा पर कहीं अंधेरा न रह जाए, गरीब की झोपड़ी भी रोशन हो, समृद्धि हर घर तक पहुंचे। सही मायनों में पर्व सामूहिकता की भावना पर केंद्रित होते हैं। ऐसे में यदि हम घातक पटाखे जलाकर श्वास रोगों से पीड़ित मरीजों से लेकर आम आदमी को मुश्किल में डाल दें, तो यह पर्व का मर्म नहीं कहा जा सकता। वैसे ग्रीन पटाखों के बारे में भी निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि उनके उत्पादन के दौरान निर्धारित मानकों का पालन किया गया हो। पटाखे जिस गुणवत्ता से बनते और बिकते हैं, कहना मुश्किल ही है कि वे वास्तव में पर्यावरण के अनुकूल होंगे। वैसे यह भी हकीकत है कि दिल्ली में हर साल ठंड की दस्तक के साथ बढ़ने वाले घातक प्रदूषण के लिए सिर्फ पटाखे ही जिम्मेदार नहीं होते। मौसम की प्रतिकूलता तथा जनसंख्या के बढ़ते घनत्व के कारण महानगरों में बहुमंजिला इमारतों के विस्तार से भी हवा का प्राकृतिक प्रवाह बाधित होता है, जिसके चलते प्रदूषण की परत दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी और निकटवर्ती शहरों के ऊपर छाई रहती है। निस्संदेह, पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम नागरिकों को भी पटाखों के सीमित व संयमित उपयोग के बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के दिल्ली व एनसीआर में ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति देने के फैसले के आलोक में कहा जा सकता है कि शेष देश में भी प्रदूषण रोकने के लिए गंभीर पहल की जानी चाहिए। देश के कई अन्य बड़े शहर दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में दर्ज हैं। वहीं दूसरी ओर केवल सर्दियों में ही प्रदूषण नियंत्रण की पहल नहीं की जानी चाहिए। यह साल भर निरंतर चलने वाली प्रक्रिया बननी चाहिए। इसके अलावा जरूरी है कि प्रदूषण फैलाने वाले अन्य कारकों पर नियंत्रण किया जाए। हम अक्सर पटाखे व पराली जलाने पर जिम्मेदारी डालकर अन्य प्रदूषण के कारकों को नज़रअंदाज कर देते हैं।

## गिरिधर राय की कुण्डलिया



डॉ. गिरिधर राय
प्रतिष्ठित हास्य-व्यंग्य कवि

### मौन पटाखे

**दीवाली में हो गये, सभी पटाखे मौन**
**बकरी बकरा से कहें, हमें बचाए कौन**
**हमें बचाए कौन, बाघ को लोग बचाते**
**हमें काट कर लोग, यहाँ त्योहार मानते**
**कहते गिरिधर राय- मौन क्यों हुए सवाली**
**बिना पटाखा मीत, नीरस लगे दीवाली**

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 20 अक्टूबर, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, कार्तिक कृष्णपक्ष चतुर्दशी, 15:46 तक, नक्षत्र : हस्त, 20:12 तक, योग : वैधृति, 26:25 तक, सूर्योदय: 5:34, सूर्यास्त: 17:09, चन्द्रोदय : 04:23, चन्द्रास्त: 16:19, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 07:04 से 08:30

## राशिफल

**मेष :** आज कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव हो सकते हैं। नए नियमों का आज के दिन सामना करना पड़ सकता है। लेकिन आपका संतुलित व्यवहार माहौल को बेहतर बनाए रखने में मदद करेगा।

**वृष :** आज का दिन करियर में प्रगति लेकर आएगा। ऑफिस में काम को समय पर पूरा कर अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में सफल रहेंगे। व्यापारियों के लिए दिन लाभकारी है।

**मिथुन :** आज का दिन करियर में तरक्की और सम्मान दिलाने वाला रहेगा। पिता या किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग महत्वपूर्ण कार्य पूरा करवा सकता है। वाहन धीमी गति से चलाएं।

**कर्क :** आज अचानक धन लाभ के योग बन रहे हैं। इस दौरान आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। करियर में बेहतर अवसर मिलेंगे और कार्यक्षेत्र में आपकी योजनाओं को गति मिलेगी।

**सिंह :** आज सिंह राशि के जातकों के लिए दिन उपलब्धि से भरा रहेगा। राजनीति, प्रशासन या प्रबंधन क्षेत्र से जुड़े लोगों को सफलता मिल सकती है। संतान से जुड़ी कोई शुभ सूचना मिल सकती है।

**कन्या :** आज के दिन परिश्रम के अनुसार आपको फल की प्राप्ति होगी। कार्यक्षेत्र में आपकी योजनाएं सफल होंगी और वरिष्ठों से सराहना मिलेगी। अचानक लाभ या शुभ समाचार मिल सकता है।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए आज का दिन करियर के लिए शुभ रहेगा। उच्च शिक्षा, रिसर्च या प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए दिन उपलब्धियों से भरा रहने वाला है।

**वृश्चिक :** आज वृश्चिक राशि वालों के लिए आर्थिक दृष्टि से दिन अच्छा रहने वाला है। रुका हुआ पैसा मिल सकता है और इनकम के नए स्रोत बनेंगे। दिन लाभकारी रहेगा।

**धनु :** आज धनु राशि के जातकों को घरेलू आवश्यकताओं पर खर्च करना पड़ सकता है। वाहन, गृह-सामग्री या इलेक्ट्रॉनिक चीजें खरीदने की संभावना है। बड़ों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**मकर :** आज का दिन व्यवसाय में प्रगति और लाभ लेकर आया है। नए काम की शुरुआत करने के लिए समय अनुकूल है। नौकरी-पेशा लोगों को पदोन्नति या जिम्मेदारी बढ़ने के संकेत हैं।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों के लिए आज का दिन चुनौतियों से भरा रहेगा। पारिवारिक जीवन में कुछ तनाव हो सकता है। खासकर जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी।

**मीन :** आज भाग्य आपका साथ देगा और वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। करियर में उन्नति के अवसर मिलेंगे। बिजनेस में प्रगति होगी और नए कॉन्ट्रैक्ट मिलने की संभावना है।

# दीपावली भौतिक ही नहीं, आत्मिक उजाले का महापर्व



ललित गर्ग

दीपावली केवल दीपों का ही पर्व नहीं है बल्कि यह आत्मा के भीतर बसे अंधकार को मिटाने की साधना का अनुष्ठान है। यह भारतीय संस्कृति की आत्मा है, जो जन-जन के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली का उजास फैलाती है। पांच दिवसीय इस उत्सव की श्रृंखला धनतेरस से आरंभ होकर भाई दूज तक चलती है, पर इसका अर्थ केवल उत्सव नहीं, बल्कि एक गहन आध्यात्मिक यात्रा है। दीपावली केवल एक त्योहार नहीं, इसका धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व भी है। दीपावली का संदेश है कि सच्चा उजाला बाह्य नहीं, बल्कि भीतर में होना चाहिए। हमारी आंतरिक 'उज्ज्वलता' ही सच्ची 'धन्यता' है, वही हमारे कर्म, करुणा और विवेक का उजाला है। यह पंच दिवसीय पर्वों की श्रृंखला भीतर बसे अहंकार, ईर्ष्या, द्वेष और लोभ जैसे नरकासुरों को समाप्त करने का दुर्लभ अवसर है। दीपावली का मूल भाव है अंधकार से प्रकाश की ओर, अज्ञान से ज्ञान की ओर, नकार से स्वीकार की ओर बढ़ना। जब लाखों दीप जलते हैं, तो वे केवल घरों को नहीं, हृदयों को भी प्रकाशित करते हैं। प्रत्येक दीप हमें यह संदेश देता है कि परिस्थितियाँ चाहे कैसी भी हों, जीवन में धर्म के दीप जलते रहना है, बुझना नहीं।

दीपावली का संबंध अनेक ऐतिहासिक, धार्मिक और दार्शनिक प्रसंगों से जुड़ा है। इसी दिन भगवान रामचंद्रजी चौदह वर्ष के वनवास और रावण पर विजय प्राप्त कर अयोध्या लौटे थे। यह धर्म, मर्यादा और सत्य की विजय का प्रतीक बना। प्राचीन हिन्दू महाकाव्य महाभारत अनुसार कुछ दीपावली को 12 वर्षों के वनवास व 1 वर्ष के अज्ञातवास के बाद पांडवों की वापसी के प्रतीक रूप में मानते हैं। जैन परंपरा में यह दिन अत्यंत पवित्र और ऐतिहासिक है, क्योंकि इसी दिन भगवान महावीर का निर्वाण हुआ और इसीलिए इसे महावीर निर्वाण दिवस कहा जाता है। महावीर का निर्वाण केवल देह का अंत नहीं था, बल्कि आत्मा की पूर्ण जागृति का क्षण था, जब उन्होंने संसार के अंधकार में मोक्ष का शाश्वत दीप प्रज्वलित किया। बौद्ध परंपरा में यह दिन बुद्धत्व की स्मृति का प्रतीक है, वहीं सिक्ख परंपरा में यह दिन गुरु हरगोविंदजी के कारावास से मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है, जब उन्होंने अन्य कैदियों को भी मुक्त कराया था। इन सभी प्रसंगों में एक अद्भुत एकता झलकती है- अंधकार से मुक्ति, ज्ञान से आलोक और अहंकार से आत्मा की ओर यात्रा। 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' अर्थात अन्धकार की ओर नही, प्रकाश की ओर जाओ, यह उपनिषदों की आज्ञा है।



दीपावली अब केवल राष्ट्रीय ही नहीं, अन्तर्राष्ट्रीय पर्व बन गया है। दीपावली को विशेष रूप से हिंदू, जैन और सिख समुदाय के साथ विशेष रूप से दुनिया भर में मनाया जाता है- श्रीलंका, पाकिस्तान, म्यांमार, थाईलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिजी, मॉरीशस, केन्या, तंजानिया, दक्षिण अफ्रीका, गुयाना, सूरीनाम, त्रिनिदाद और टोबैगो, नीदरलैंड, कनाडा, ब्रिटेन शामिल संयुक्त अरब अमीरात, और संयुक्त राज्य अमेरिका। भारतीय संस्कृति की समझ और भारतीय मूल के लोगों के वैश्विक प्रवास के कारण दीपावली मनाने वाले देशों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है। कुछ देशों में यह भारतीय प्रवासियों द्वारा मुख्य रूप से मनाया जाता है, अन्य दूसरे स्थानों में यह सामान्य स्थानीय संस्कृति का हिस्सा बनता जा रहा है।

दीपावली का एक और महत्त्वपूर्ण पहलू है गोवर्धन पूजा, जो प्रकृति के प्रति आभार का प्रतीक है। यह हमें सिखाती है कि समृद्धि केवल मनुष्य की मेहनत से नहीं, बल्कि प्रकृति की कृपा से भी मिलती है। गाय, अन्न, जल, वृक्ष, मिट्टी-सबका सम्मान ही सच्ची पूजा है। भाई दूज इस श्रृंखला का अंतिम दिन है, जो स्नेह और पारस्परिक विश्वास का दीप जलाता है। यह पर्व केवल बहन-भाई के संबंधों का उत्सव नहीं, बल्कि जीवन में प्रेम, सहयोग और संरक्षण के भाव को पुष्ट करने का अवसर है। दीपावली का मूल भाव अंधकार दूर भगाना है। जीवन को सुख और समृद्धि की रोशनी से जगमग करना है। एक पौराणिक कथा के अनुसार विष्णु ने नरसिंह रूप धारणकर हिरण्यकश्यप का वध किया था तथा इसी दिन समुद्रमंथन के पश्चात लक्ष्मी व धन्वंतरि प्रकट हुए। कई लोग दीपावली को भगवान विष्णु की पत्नी तथा उत्सव, धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी से जुड़ा हुआ मानते हैं। आज दीपावली का स्वरूप भले ही भव्य और चकाचौंध से भरा हो, पर इसका सच्चा अर्थ है भीतर के दीप को जलाना। जैसे हम घरों की सफाई करते हैं, वैसे ही अपने मन की सफाई भी आवश्यक है। ईर्ष्या, क्रोध, स्वार्थ और असत्य का अंधकार मिटे, और उसकी जगह सच्चाई, सहिष्णुता, करुणा और सेवा का उजास फैले-यही दीपावली का सार है। महात्मा गांधी ने कहा था, सच्चा दीपक वही है जो अंधकार में राह दिखाए, न कि केवल सजावट बने। यदि हम एक दीप अपने भीतर जलाएं-मानवता का, विनम्रता का, और सहअस्तित्व का तो यही सबसे बड़ा पूजन होगा।

दीपावली का पर्व ज्योति का पर्व है। दीपावली का पर्व पुरुषार्थ का पर्व है। यह आत्म साक्षात्कार का पर्व है। यह अपने भीतर सुषुप्त चेतना को जगाने का अनुपम पर्व है। यह हमारे आभामंडल को विशुद्ध और पर्यावरण की स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देने का पर्व है। प्रत्येक व्यक्ति के अंदर एक अखंड ज्योति जल रही है। उसकी लौ कभी-कभार मद्धिम जरूर हो जाती है, लेकिन बुझती नहीं है। उसका प्रकाश शाश्वत प्रकाश है। वह स्वयं में बहुत अधिक देदीप्यमान एवं प्रभामय है। इसी संदर्भ में महात्मा कबीरदासजी ने कहा था- 'बाहर से तो कुछ न दीसे, भीतर जल रही जोत'। जो महापुरुष उस भीतरी ज्योति तक पहुँच गए, वे स्वयं ज्योतिर्मय बन गए। जो अपने भीतरी आलोक से आलोकित हो गए, वे सबके लिए आलोकमय बन गए।

ज्ञान दुनिया का सबसे बड़ा प्रकाश दीप है। जब ज्ञान का दीप जलता है तब भीतर और बाहर दोनों आलोकित हो जाते हैं। अंधकार का साम्राज्य स्वतः समाप्त हो जाता है। ज्ञान के प्रकाश की आवश्यकता केवल भीतर के अंधकार मोह-मूर्च्छा को मिटाने के लिए ही नहीं, अपितु लोभ और आसक्ति के परिणामस्वरूप खड़ी हुई पर्यावरण प्रदूषण और अनैतिकता जैसी बाहरी समस्याओं को सुलझाने के लिए भी जरूरी है। यह हमारे आभामंडल को विशुद्ध और पर्यावरण की स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देने का पर्व है। प्रत्येक व्यक्ति के अंदर एक अखंड ज्योति जल रही है। उसकी लौ कभी-कभार मद्धिम जरूर हो जाती है, लेकिन बुझती नहीं है।

उसका प्रकाश शाश्वत प्रकाश है। वह स्वयं में बहुत अधिक देदीप्यमान एवं प्रभामय है। इसी संदर्भ में महात्मा कबीरदासजी ने कहा था-'बाहर से तो कुछ न दीसे, भीतर जल रही जोत'। जो महापुरुष उस भीतरी ज्योति तक पहुँच गए, वे स्वयं ज्योतिर्मय बन गए। युद्ध, आतंकवाद, भय, हिंसा, प्रदूषण, अनैतिकता, ओजोन का नष्ट होना आदि समस्याएँ इक्कीसवीं सदी के मनुष्य के सामने चुनौती बनकर खड़ी है। आखिर इन समस्याओं का जनक भी मनुष्य ही तो है। मनुष्य को मोह का अंधकार भगाने के लिए धर्म का दीप जलाना होगा। जहाँ धर्म का सूर्य उदित हो गया, वहाँ का अंधकार टिक नहीं सकता।

दीपावली का संदेश सीमित नहीं है; यह हमें समाज, संस्कृति और मानवता के स्तर पर नया दृष्टिकोण देता है। यह केवल दीपों की पंक्तियाँ नहीं, बल्कि जीवन की दिशा है। हम केवल अपने घर को नहीं, बल्कि किसी और के जीवन को भी रोशन करेंगे। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि प्रकाश की सबसे बड़ी जीत तब होती है जब वह अंधकार के सबसे गहरे कोने में पहुँचता है। हरिवंश राय बच्चन के शब्दों में-दीप जलाओ लेकिन ऐसे, जिसमें धुआँ न हो; उजाला हो, पर अहंकार न हो। जब भीतर का दीप जलता है, तो बाहरी दीप स्वतः दीप्तिमान हो उठते हैं। दीपावली पर्व की सार्थकता के लिए जरूरी है, दीये बाहर के ही नहीं, दीये भीतर के भी जलने चाहिए। क्योंकि दीया कहीं भी जले उजाला देता है। दीए का संदेश है-हम जीवन से कभी पलायन न करें, जीवन को परिवर्तन दें, क्योंकि पलायन में मनुष्य के दामन पर बुजदिली का धब्बा लगता है, जबकि परिवर्तन में विकास की संभावनाएँ जीवन की सार्थक दिशाएँ खोज लेती हैं।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## समाज्ञा स्पोर्ट्स

# रोहित-कोहली की वापसी रही फीकी, ऑस्ट्रेलिया ने पहले वनडे में भारत को सात विकेट से हराया



**पर्थ :** विराट कोहली और रोहित शर्मा की लंबे अंतराल के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी उम्मीदों के अनुरूप नहीं रही। दोनों दिग्गज मिलकर सिर्फ 22 गेंद ही खेल सके और भारत को पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 29 गेंद शेष रहते सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। बारिश से बाधित यह मुकाबला 26-26 ओवर का कर दिया गया था। भारत ने 9 विकेट पर 136 रन बनाए, जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने डकवर्थ-लुईस पद्धति से मिले 131 रन के लक्ष्य को 21.1 ओवर में हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत लड़खड़ाने के बावजूद कप्तान मिशेल मार्श (नाबाद 46 रन) और जोश फिलिप (37 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 55 रनों की आक्रामक साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। अर्शदीप, सिराज और हर्षित राणा की भारतीय तेज गेंदबाजों की तिकड़ी नियंत्रण बनाए रखने में असफल रही। मार्श ने इन गेंदबाजों पर तीन शानदार छक्के जड़े और अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इससे पहले भारतीय बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई तेज आक्रमण के सामने संघर्ष करते दिखे। कप्तान रोहित शर्मा (8) और विराट कोहली (0) जल्दी पवेलियन लौट गए। कोहली स्टार्क की बाहर जाती गेंद पर ड्राइव खेलने के प्रयास में आउट हुए, जबकि रोहित हेजलवुड की अतिरिक्त उछाल भरी गेंद पर स्लिप में लपके गए। लोकेश राहुल ने सर्वाधिक 38 रन बनाकर कुछ संघर्ष दिखाया। अक्षर पटेल (31) के साथ उन्होंने पांचवें विकेट के लिए 39 रन जोड़े, जिससे भारत 130 के पार पहुंच सका। ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टार्क, हेजलवुड और कुहनेमैन ने प्रभावी गेंदबाजी की। भारत की ओर से नीतिश रेड्डी (19 नाबाद) ने अंतिम ओवरों में तेजी से रन बनाए। अब श्रृंखला का दूसरा वनडे एडिलेड में खेला जाएगा, जहां भारतीय टीम अपने वरिष्ठ खिलाड़ियों से वापसी की उम्मीद करेगी।

## भारत चार रन से हारा, इंग्लैंड महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा



**इंदौर :** स्मृति मंधाना, कप्तान हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा के अर्धशतकों के बावजूद भारतीय महिला टीम को रविवार को आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में इंग्लैंड से चार रन से हार झेलनी पड़ी। यह भारत की लगातार तीसरी हार रही, जबकि इंग्लैंड ने इस जीत से सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। इंग्लैंड ने कप्तान हीथर नाइट (111 रन) और एमी जोन्स (56 रन) की बदौलत 50 ओवर में आठ विकेट पर 288 रन बनाए। नाइट ने 91 गेंदों की अपनी तूफानी पारी में 15 चौके और एक छक्का जड़ा। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 51 रन देकर चार विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने संघर्षपूर्ण प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः छह विकेट पर 284 रन ही बना सकी। मंधाना ने 88, हरमनप्रीत ने 70 और दीप्ति ने 50 रन की पारी खेली। हालांकि अंतिम ओवर में टीम को 14 रन चाहिए थे, लेकिन स्नेह राणा (10 नाबाद) और अमनजोत कौर (18 नाबाद) लक्ष्य तक नहीं पहुंचा सकीं। हरमनप्रीत और मंधाना ने तीसरे विकेट के लिए 125 रन की साझेदारी कर टीम को संभाला, जबकि मंधाना ने दीप्ति के साथ 67 रन जोड़े। लेकिन इंग्लैंड की गेंदबाज लिन्से स्मिथ और साइवर-ब्रंट ने अहम मौकों पर विकेट लेकर मैच का रुख पलट दिया। इस हार के साथ भारत 'करो या मरो' की स्थिति में पहुंच गया है। अब उसे सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए अपने अगले दोनों मुकाबले- न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज-में जीत हासिल करनी होगी।

## कोलकाता टेस्ट: दक्षिण अफ्रीका मैच के लिए दैनिक टिकट की कीमत 60 रुपये से शुरू

**कोलकाता :** ईडन गार्डन्स में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले टेस्ट मैच के टिकट सोमवार दोपहर 12 बजे से बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने रविवार को इसकी घोषणा की। प्रशंसक जोमैटो ऐप के जरिए टिकट बुक कर सकते हैं जिनकी कीमत 60 रुपये प्रतिदिन (पांच दिन के लिए 300 रुपये) से शुरू होकर 250 रुपये प्रतिदिन (पूरे मैच के लिए 1,250 रुपये) तक है। मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन के खिलाफ 14-18 नवंबर तक होने वाला यह मैच भारत-बांग्लादेश के बीच 2019 में गुलाबी गेंद से खेले गए मैच के बाद ईडन में पहला टेस्ट होगा। यह लगभग 13 वर्षों में विराट कोहली के बिना इस मैदान पर पहला टेस्ट भी होगा जिन्होंने पिछले महीने लंबे प्रारूप से संन्यास ले लिया था।

## पाकिस्तान के वनडे कप्तान पद से हटाया जा सकता है रिजवान को

**कराची :** अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान पाकिस्तान के वनडे कप्तान पद से हटाया जा सकता है। पाकिस्तान की राष्ट्रीय चयन समिति और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के सलाहकार बोर्ड की सोमवार को लाहौर में संयुक्त बैठक होगी जिसमें वनडे कप्तान पर फैसला किया जा सकता है। पीसीबी ने एक बयान में पुष्टि की कि पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीमों के मुख्य कोच माइक हेसन ने पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी को पत्र लिखकर एकदिवसीय टीम के मामलों और कप्तानी पर चर्चा के लिए चयनकर्ताओं और सलाहकारों की बैठक बुलाने का अनुरोध किया था। बयान में कहा गया है, ''वनडे कप्तानी पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने चयनकर्ताओं और सलाहकारों से इस मामले पर चर्चा के लिए सोमवार को बैठक करने को कहा है।''

## खुशी ने एशियाई युवा खेलों में भारत का पदक खाता खोला

**मनामा (बहरीन) :** भारत की 15 वर्षीय खुशी ने रविवार को महिलाओं की 70 किलोग्राम कुराश स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर एशियाई युवा खेलों में देश का पदक खाता खोला। दिलचस्प बात यह है कि प्रतियोगिता में एक भी मुकाबला जीते बिना ही उन्हें पदक मिल गया। छह खिलाड़ियों के मुकाबलों में उन्हें क्वार्टर फाइनल में बाई मिली और सेमीफाइनल में वह उज्बेकिस्तान की डी. तुर्सुनोवा से हार गईं।

## वर्ग पहेली नं. 3239

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | | ■ |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | | ■ | 8 |
| 9 | | | ■ | | ■ | 10 | | 11 | |
| | ■ | 12 | 13 | | 14 | | ■ | | ■ |
| 15 | 16 | ■ | | ■ | 17 | | 18 | ■ | 19 |
| 20 | | | | 21 | ■ | 22 | | 23 | |
| ■ | | ■ | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | | ■ |
| 27 | | 28 | ■ | 29 | | 30 | ■ | 31 | 32 |
| | ■ | 33 | | | ■ | 34 | | | |

*बायें से दायें:-* 1) तजरबेकार, 4) अनुकरणवश, 6) अत्यधिक, 9) बिल्ला, 10) प्रार्थनापत्र, 12) अनुचित, 15) बरबादी, 17) कृष्ण, 20) चौकीदार, 22) जूट का बना थैला, 24) नई मूँछ, 26) विविध, 27) दर्पण, 29) कभी भी, 31) संपर्क, 33) स्त्रियोचित, 34) नामज़द.

*ऊपर से नीचे:-* 1) अत्यधिक; अंडबंड, 2) भड़कना, 3) बहादुर, 4) विलंब, 5) पति का भाई, 7) भजन करना, 8) जोशीला, 10) रोबदाब, 11) नमकीन, 13) लाश, 14) सीता, 16) एक बाजा, 18) अन्यथा, 19) दुगुना, 21) इतराते हुए चलना, 23) आजीविका, 25) प्रत्येक, 27) लती; व्यसनी, 28) नख़रा; अभिमान, 30) पांडवों में दूसरा, 32) पैर.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पा | जे | ब | ■ | ह | थि | या | र | बं | द |
| ल | ■ | ना | दा | र | ■ | प | ■ | ज | ■ |
| ना | च | ना | ■ | जा | म | न | ■ | र | स |
| ■ | रा | ■ | अ | ना | ज | ■ | ठो | ■ | त्ता |
| प्र | च | ल | न | ■ | ह | म | स | फ़ | र |
| धा | र | ■ | ब | रा | ब | र | ■ | र | ■ |
| न | ■ | स | न | म | ■ | ह | र | क | त |
| मं | ग | ला | ■ | ■ | उ | म | स | ■ | ड़ |
| त्री | ■ | म | ह | क | मा | ■ | ना | यि | का |

## सुडोकू-पहेली-3196

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 2 | | | |
| | | 2 | | | 8 | | | |
| | 3 | 4 | | | | 7 | | |
| 7 | | | 5 | | | | | |
| | | | 6 | | | 5 | | |
| | | | | | | | | 9 |
| | 1 | | | 8 | 3 | | 7 | |
| 8 | | | 1 | | | 4 | | |
| | | | | | 4 | 9 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3195 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 9 | 6 | 2 | 8 | 1 | 3 | 7 |
| 2 | 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 7 | 3 | 8 | 4 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 5 | 9 | 6 | 4 | 7 | 1 |
| 9 | 4 | 5 | 1 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 |
| 1 | 7 | 6 | 8 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 2 | 6 | 9 | 3 | 4 | 8 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 8 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 3 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 9 |

## सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी, युवती गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव स्थित गोपालनगर थाना इलाके में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी के आरोप में एक युवती को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी युवती का नाम रिंकू मजूमदार है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गोपालनगर इलाके में रहने वाले असद अली मंडल का बेटा कई महीनों से नौकरी की तलाश में था। उसी इलाके की निवासी युवती रिंकू मजूमदार की युवक से मुलाकात हुई। युवती ने उससे कहा कि अगर वह पैसे दे तो सरकारी नौकरी मिल सकती है। आरोप है कि सरकारी नौकरी का लालच दिखाकर युवक से कुल 12 लाख रुपये ऐंठ लिए गए। इसके बाद, नौकरी दिलाना तो दूर, युवती ने युवक से संपर्क भी नहीं किया। आरोप है कि पैसे वापस नहीं किए गए। युवक को ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद, गोपालनगर थाने में युवती के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। शनिवार की सुबह पुलिस ने आरोपी रिंकू मजूमदार को गिरफ्तार कर लिया। क्या युवती ने नौकरी दिलाने के नाम पर कई अन्य लोगों के साथ मिलकर आर्थिक ठगी की है? क्या युवती किसी गिरोह से जुड़ी है? और उसके साथ कौन-कौन लोग हैं? उसने अब तक कितने पैसों का गबन किया है? पुलिस इन मामलों की जांच कर रही है। आरोपी को रविवार को बनगांव कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसे पांच दिनों की पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया है।

## कोलकाता के 'पटाखा बाजार' में 'ऑपरेशन सिंदूर' थीम वाले पटाखों की धूम


**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के पटाखा बाजार में इस बार 'ऑपरेशन सिंदूर' थीम वाले पटाखों की धूम है। व्यापारियों ने बताया कि दिवाली और काली पूजा को देखते हुए इस बार हेलीकॉप्टर, ड्रोन और गोले के आकार वाले पटाखे बाजार में खूब छाए हुए हैं। दरअसल, दक्षिण 24 परगना जिले के चंपाहाटी एवं नुंगी के पटाखा निर्माताओं ने रणनीतिक नामकरण और सैन्य डिजाइन वाले खास पटाखे बनाए हैं, जो आतिशपटाखा के बाद आसमान में अलग ही समा बांध देंगे। टाला पार्क में 'नॉर्थ डिविजन पटाखा बाजार' के अध्यक्ष मिलन दत्ता



ने बताया कि हेलीकॉप्टर और ड्रोन के आकार के पटाखे, मिसाइल जैसे गोले, राष्ट्रीय ध्वज के तीन रंगों को अपने पंखों में उकेरे 'मोर' इस साल के नए आविष्कार हैं और हर ग्राहक पारंपरिक वस्तुओं जैसे फुलझड़ियां, रॉकेट आदि के साथ-साथ इन उत्पादों को खरीदने में भी काफी रुचि दिखा रहा है। दत्ता की बातों से सहमति जताते हुए पटाखा निर्माताओं की शीर्ष संस्था पश्चिम बंगो आतिशपटाखा उन्नयन समिति के सचिव बाबला रॉय ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के थीम वाले पटाखों की मांग जोरों पर है। दत्ता ने दावा किया कि ये सभी पटाखे राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (नीरी) के मानकों का पालन करते हैं। उन्होंने बताया कि 14 अक्टूबर से जब 'पटाखा बाजार' खुला तो उनके पटाखे के स्टॉल पर हर दिन 40,000 से 50,000 रुपये की बिक्री हुई। उनके स्टॉल पर लगभग 250 प्रकार के पटाखे उपलब्ध हैं, जिनकी कीमतें 200 रुपये से 3,000 रुपये तक हैं।





स्थापित : 1956
हरियाणा नागरिक संघ
119, कॉटन स्ट्रीट, प्रथम तल, कोलकाता-7
दूरभाष : 2218 7065, 9331861348
दीपावली प्रीति सम्मेलन
बुधवार, दिनांक 22 अक्टूबर, 2025 • प्रातः 11 बजे
स्थान : हरियाणा भवन, 40, विवेकानन्द रोड, गिरीश पार्क, कोलकाता-6
मेल मिलाप | सभी सदस्यों को सादर आमंत्रण । | अल्पाहार
सुरेश गुप्ता — चेयरमैन, संरक्षक मंडल | बाबूलाल धनानिया — सभापति | गोरधन निगानियां — मानद मंत्री









# माध्यमिक परीक्षा के टेस्ट पेपर पर विवादित प्रश्नों की जिम्मेदारी अब स्कूल की

## माध्यमिक शिक्षा परिषद का निर्देश

**कोलकाता :** 2026 की माध्यमिक टेस्ट परीक्षा को लेकर पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा परिषद ने सभी स्कूलों को कड़ी चेतावनी जारी की है। परिषद ने साफ कहा है कि यदि प्रश्नपत्र में सिलेबस से बाहर या किसी तरह का विवादास्पद प्रश्न पाया गया, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित स्कूल के प्रधान शिक्षक की होगी।

परिषद की इस नई अधिसूचना से शिक्षाजगत में हलचल मच गई है। जारी नोटिस में कहा गया है कि टेस्ट परीक्षा के प्रश्नपत्रों में किसी भी प्रकार का विवादास्पद या पाठ्यक्रम से बाहर का प्रश्न नहीं होना चाहिए। परिषद ने यह भी स्पष्ट किया है कि सभी विषयों के प्रश्न संबंधित विषय के शिक्षकों द्वारा ही तैयार किए जाएंगे और किसी भी संगठन या बाहरी एजेंसी से प्रश्न खरीदे नहीं जा सकते।

इस पर कई स्कूलों के प्रधान शिक्षकों ने अपनी चिंता जताई है। कोलकाता के एक स्कूल के प्रधान शिक्षक सुप्रियो पांजा ने कहा, प्रश्न विषय शिक्षक तैयार करते हैं और उन्हें सीलबंद लिफाफे में छपाई के लिए भेजा जाता है। अगर प्रधान शिक्षक पहले ही प्रश्न देख लें, तो गोपनीयता भंग होने का खतरा रहेगा।

वहीं कई अन्य प्रधान शिक्षकों का कहना है कि उन्होंने पहले ही विषय शिक्षकों को निर्देश दे दिया है कि सिलेबस से बाहर कोई प्रश्न न पूछा जाए। उन्होंने कहा, प्रश्न तैयार करते समय विषय शिक्षकों को विशेष सावधानी बरतनी होगी।




परिषद की ओर से यह भी आदेश दिया गया है कि परीक्षा पूरी होने के बाद प्रत्येक स्कूल को अपने टेस्ट प्रश्नपत्र परिषद के निर्धारित ईमेल पते पर भेजने होंगे। परिषद के एक अधिकारी ने बताया कि यदि कोई स्कूल इस नियम का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

माध्यमिक टेस्ट परीक्षा 3 नवंबर से 13 नवंबर 2025 के बीच आयोजित की जाएगी।

# घाटाल में पूजा की खिचड़ी खाकर 150 लोग पड़े बीमार

## महिलाओं और बच्चों सहित कई की हालत नाज़ुक

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के दासपुर थाना अंतर्गत सुरतपुर गांव में एक सामूहिक मनसा पूजा का प्रसाद खाने के बाद लगभग 150 से अधिक लोग बीमार पड़ गए। रविवार को गांव में मेडिकल टीम और प्रशासनिक अधिकारी पहुंच चुके हैं। सूत्रों के अनुसार, सुरतपुर गांव में कई वर्षों से सामूहिक मनसा पूजा आयोजित की जाती है। शनिवार की रात पूजा कमिटी की ओर से भक्तों के लिए खिचड़ी भोग (प्रसाद) का आयोजन किया गया था। बताया जा रहा है कि करीब 300 से अधिक लोगों ने यह प्रसाद ग्रहण किया, जिनमें खरदा विष्णुपुर और



रूपनारायणपुर गांवों के भी कई लोग शामिल थे। शनिवार की रात से ही ग्रामीणों में उल्टी और दस्त की समस्या शुरू हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जैसे-जैसे स्थिति गंभीर होती गई, दासपुर-1 ब्लॉक के बीडीओ दीपंकर विश्वास ने रात से ही इलाज की व्यवस्था शुरू की। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल कैंप लगाया गया, जहां बीमारों का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। जिनकी हालत बिगड़ रही है, उन्हें अस्पताल भेजा जा रहा है। रविवार की सुबह बीडीओ दीपंकर विश्वास, दासपुर-1 पंचायत समिति के अध्यक्ष सुकुमार पात्र और राजनगर ग्राम पंचायत के प्रधान और उपप्रमुख मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। अब तक पांच लोगों की हालत गंभीर बताई गई है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। साथ ही, पानी के नमूने भी जांच के लिए भेजे गए हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि बीमारी की वजह पानी में कोई संक्रमण तो नहीं।

### पश्चिम मेदिनीपुर में सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के दासपुर थाना अंतर्गत घाटाल-पांशकुड़ा राज्य सड़क के सुल्ताननगर में रविवार को एक सड़क दुर्घटना में दो युवक बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस दिन, दोपहर करीब 4.30 बजे कोलकाता से पांशकुड़ा की ओर जा रही एक प्राइवेट कार ओवरटेक करने के प्रयास में नियंत्रण खो बैठी और मोटरसाइकिल पर सवार दोनों युवकों को जोरदार टक्कर दे दी। मोटरसाइकिल में सवार एक युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है। दोनों घायल युवकों की पहचान बेलियाघाटा के निवासी है। घटना के तुरंत बाद दासपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लाया। घायल युवकों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## फर्जी दस्तावेज़ से मिली नौकरी रद्द, यूजीसी ने एसएससी को दी रिपोर्ट

**कोलकाता :** फर्जी शैक्षणिक प्रमाणपत्र जमा करने के आरोप में दो शिक्षकों की नौकरी रद्द कर दी गई है। उच्च प्राथमिक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में चयनित इन दोनों उम्मीदवारों को स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) ने सेवा से हटा दिया है।

जानकारी के अनुसार, नियुक्ति के समय दोनों उम्मीदवारों ने दावा किया था कि उन्होंने यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अपनी डिग्री हासिल की है। बाद में जब स्कूल सेवा आयोग ने संबंधित विश्वविद्यालय की मान्यता की जांच कराई, तो यूजीसी ने साफ़ किया कि वह विश्वविद्यालय यूजीसी से अनुमोदित नहीं है।

इस रिपोर्ट के आधार पर एसएससी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए



दोनों उम्मीदवारों की नियुक्ति रद्द कर दी। आयोग की ओर से उन्हें आधिकारिक पत्र भेजकर नौकरी समाप्त होने की सूचना दी गई है।

स्कूल सेवा आयोग के सूत्रों के अनुसार, भविष्य में फर्जी प्रमाणपत्र जमा करने वाले उम्मीदवारों के खिलाफ और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आयोग ने कहा है कि शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए ऐसे धोखाधड़ी के मामलों में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

## सबंग में भीषण सड़क हादसा, दो डंपर की टक्कर से लगी आग

❑ **पांच घंटे की मशक्कत के बाद पाया गया आग पर काबू**

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के सबंग थाना अंतर्गत नील बस स्टैंड के पास रविवार के तड़के राज्य सड़क पर हुई दो डंपरों की आमने-सामने टक्कर के बाद एक डंपर में भीषण आग लग गई। जानकारी के अनुसार, रविवार के तड़के करीब 4:30 बजे, यह हादसा तब हुआ जब एक मोरेम लदा डंपर नील बस स्टैंड के पास सड़क किनारे खड़ा था। तभी, पटाशपुर की ओर से आ रहा एक 18-चक्का स्टोन चिप्स लदा डंपर तेज़ रफ्तार में आकर खड़े डंपर से टकरा गया। टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि 18-चक्का डंपर में आग लग गई। देखते ही देखते लपटें फैल गईं और पास में रखे घास के ढेर में भी आग पकड़ ली। आग की लपटें कई सौ मीटर दूर से दिखाई दे रही थीं और पूरे इलाके में काले धुएं का



बादल छा गया। आस-पास के लोगों में अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल की 4 गाड़ियां और सबंग थाने से पुलिस मौके पर पहुंची। करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने के बाद राज्य सड़क पर लंबा जाम लग गया और घंटों तक यातायात बाधित रहा। बाद में, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और यातायात बहाल किया। पुलिस के अनुसार, इस दुर्घटना में कोई जानहानि नहीं हुई है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि दोनों डंपरों की वैधता, गति और चालकों की स्थिति क्या थी।

### माध्यमिक शिक्षा परिषद की सख्त अधिसूचना

## 'माध्यमिक परीक्षा में जिन अधिकारियों के बच्चे होंगे परीक्षार्थी, वे नहीं रहेंगे परीक्षा संचालन में'

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा परिषद ने परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। परिषद की नई अधिसूचना के अनुसार, जिन जिला निरीक्षकों (डीआई) और विद्यालय निरीक्षकों (एसआई) के बच्चे 2026 की माध्यमिक परीक्षा में शामिल होंगे, वे परीक्षा आयोजन या संचालन से जुड़ी किसी भी जिम्मेदारी में भाग नहीं ले पाएंगे।

शनिवार को जारी इस अधिसूचना में परिषद ने सभी जिलों को निर्देश दिया है कि ऐसे सभी डीआई और एसआई के नाम तुरंत परिषद को सूचित किए जाएं जिनके बच्चे आगामी माध्यमिक परीक्षा में बैठ रहे हैं।

परिषद के अध्यक्ष रामानुज गंगोपाध्याय ने कहा, यदि किसी डीआई या एसआई का पुत्र या पुत्री माध्यमिक परीक्षा में शामिल होता है, तो वह अधिकारी परीक्षा संचालन की प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकता। सामान्यतः वे स्वयं परिषद को इसकी जानकारी देकर जिम्मेदारी से अलग हो जाते हैं, लेकिन पिछले वर्ष हुई एक अप्रिय घटना के कारण इस बार परिषद को औपचारिक रूप से अधिसूचना जारी करनी पड़ी।

गौरतलब है कि माध्यमिक परीक्षा के आयोजन में डीआई और एसआई की भूमिका बेहद अहम होती है। उनकी निगरानी में ही परीक्षा आयोजित की जाती है। ऐसे में यदि उनके ही बच्चे परीक्षा में शामिल हों, तो प्रश्नपत्र की गोपनीयता और परीक्षा की पारदर्शिता पर सवाल उठ सकते हैं।

# मुर्शिदाबाद में भारी मात्रा में हथियारों के साथ महिला गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** जिले के रघुनाथगंज थाना अंतर्गत उमरपुर में फरक्का जाने वाले बस स्टैंड से रविवार को एक महिला को भारी मात्रा में अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। महिला के पास से 5 सेमी-ऑटोमैटिक 7 एमएम पिस्तौल और 24 राउंड कारतूस मिले। आरोपी महिला का नाम साधना हलधर है। वह लालगोला थाना अंतर्गत कृष्णपुर गांव का निवासी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, साधना ने फरक्का के एनटीपीसी क्षेत्र से हथियार इकट्ठा करने और मुर्शिदाबाद के किनारे सागरपाड़ा इलाके में तस्करी करने की योजना बनाई थी। गुप्त सूत्र से सूचना मिलने के बाद, इस दिन, दोपहर में रघुनाथगंज थाने की पुलिस पहले से



ही मौके पर थी। योजना के अनुसार, पुलिस ने उसे उमरपुर में दूसरी कार में बैठते समय घेर लिया। उसके बैग से हथियार बरामद होने के बाद साधना को गिरफ्तार कर लिया। वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि गिरफ़्तार महिला किसी हथियार तस्करी गिरोह में शामिल तो नहीं है। पुलिस उनसे पूछताछ करके यह पता लगाने की कोशिश करेगी कि वह हथियार किसके पास ले जा रही थी। पुलिस ने बताया कि गिरफ़्तार महिला को सोमवार को जंगीपुर अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस गिरफ़्तार महिला को अपनी हिरासत में लेने के लिए अदालत में आवेदन करेगी।

## मेट्रो रेलवे ने स्पेशल कैंपेन 5.0 में यात्रियों को स्वच्छता बनाए रखने का दिया संदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे द्वारा चलाए जा रहे स्पेशल कैंपेन 5.0 के तहत रविवार को विभिन्न मेट्रो स्टेशनों पर व्यापक स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर यात्रियों से भी मेट्रो परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए सहयोग का अनुरोध किया गया। अभियान के अंतर्गत मेट्रो प्रशासन द्वारा स्टेशनों,



कार्यालयों, पटरियों और रेलवे कॉलोनियों में गहन सफाई कार्य किए जा रहे हैं। इन गतिविधियों में कचरा हटाना, अवांछित झाड़ियों और घास की सफाई, तथा जल निकासी प्रणाली की सफाई शामिल है। मेट्रो यात्रियों को भी परिसर को स्वच्छ और कचरा-मुक्त रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से यात्रियों से अनुरोध किया जा रहा है कि वे मेट्रो परिसर में थूकने या कचरा फैलाने से बचें। ऐसा करने वालों की पहचान सीसीटीवी निगरानी के जरिए की जा सकती है और उन पर 500 का जुर्माना लगाया जाएगा। मेट्रो प्रशासन ने सभी यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे स्टेशनों पर लगाए गए डस्टबिन का उपयोग अवश्य करें।

## त्योहारों के दौरान मालदह मंडल ने यात्रियों की यात्रा को आरामदायक और सुरक्षित बनाया

**मालदह :** दीपावली, छठ पूजा और अन्य प्रमुख पर्वों के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए पूर्व रेलवे के मालदह मंडल ने यात्रियों की सुरक्षित, सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने हेतु व्यापक प्रबंध लागू किए हैं। यह व्यवस्था मालदह टाउन, भागलपुर, जमालपुर सहित मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर की गई है। डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में त्योहारों के समय यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। भागलपुर स्टेशन पर विशेष भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था की गई है, जिसमें अधिकारी प्रतिदिन स्टेशन स्तर पर निगरानी कर रहे हैं। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई संभव हो।

आरपीएफ और जीआरपी के अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं। सुरक्षाकर्मी प्रवेश, निकास द्वार, प्लेटफार्म और फुट ओवरब्रिज पर रणनीतिक रूप से मौजूद हैं। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के जरिए यात्रियों को कतारबद्ध चलने और कचरा न फैलाने की अपील की जा रही है। स्टेशन पर लगभग 2,000 यात्रियों की क्षमता वाला अस्थायी टेंट हॉल्डिंग एरिया तैयार किया गया है। प्रतीक्षालय, लाउंज, पेयजल, शौचालय और पार्किंग सुविधाओं की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है। टिकटिंग सुविधा के तहत पांच नियमित काउंटर चालू हैं और आवश्यकता पड़ने पर दो अतिरिक्त काउंटर खोले जाएंगे। डिजिटल टिकटिंग के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल और रेलवन ऐप का उपयोग बढ़ावा दिया जा रहा है।

त्योहारों में विशेष रेल सेवाएं भी चलाई जा रही हैं। मालदह मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करें, ज्वलनशील वस्तुएं साथ न रखें और सुरक्षित यात्रा करें। यह संस्करण लगभग 260 शब्दों में है और समाचार पत्र शैली में सुव्यवस्थित है।

### बेलदा में सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के खड़गपुर-बालेश्वर राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर रविवार को एक सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए। दुर्घटना बेलदा थाना क्षेत्र के श्यामपुरा इलाके में हुई। जानकारी के अनुसार, दो युवक मोटरसाइकिल से खड़गपुर की ओर जा रहे थे, तभी सामने चल रहे एक साइकिल सवार ने अचानक मुड़ने की कोशिश की। इससे मोटरसाइकिल चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और बाइक साइकिल से जा टकराई। हादसे में साइकिल सवार समेत दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और बेलदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि घायल साइकिल सवार का नाम सुनील मुर्मू है, जबकि घायल बाइक सवारों की पहचान सुदीप सिंह और सरोज सिंह के रूप में हुई है। तीनों घायलों को मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल और साइकिल को जब्त कर लिया है।

## आईटीसी सनराइज ने 'सनराइज पूजोर साथकहोन' कॉफी टेबल बुक का किया विमोचन



**कोलकाता, समाज्ञा :** आईटीसी सनराइज मसाले ने बंगाल के पूजा पंडालों की अनकही कहानियों को संजोते हुए अपनी पहल 'सनराइज पूजोर साथकहोन' का समापन कॉफी टेबल बुक के माध्यम से मनाया। इस पुस्तक में 250 पूजा पंडालों की सामुदायिक भावना, रचनात्मकता और भक्ति को दर्शाया गया है। विमोचन समारोह में अभिनेता एवं निदेशक परमब्रत चट्टोपाध्याय, अभिनेत्री ईशा साहा, पाक विशेषज्ञ सुदीपा चटर्जी और दुर्गा पूजा थीम कलाकार अनिर्बान पंडालवाला के साथ आईटीसी सनराइज के बिज़नेस हेड पीयूष मिश्रा उपस्थित रहे। पीयूष मिश्रा ने कहा कि यह पहल कोलकाता से बाहर के मोहल्लों, कस्बों और गांवों की अनसुनी कहानियों को दर्शाने और सांस्कृतिक विरासत के रूप में संरक्षित करने का प्रयास है। प्रत्येक कहानी में परंपराएं, सामुदायिक प्रयास और महिलाओं की पहल दिखाई गई है। कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ पूजा पंडालों को सम्मानित किया गया और अभियान की लघु फिल्म दिखाई गई, जो सार्वजनिक मतदान, विजेताओं के चयन और कॉफी टेबल बुक निर्माण की यात्रा को दर्शाती है।

# हांसखाली में शराब पार्टी में युवक की मौत, तीन दोस्त गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के हांसखाली थानांतर्गत बगुला क्षेत्र में शनिवार की रात एक युवक की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान सौमेन विश्वास के रूप में की गई है। इस घटना में मृतक के तीन दोस्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रविवार को गिरफ्तार आरोपितों को रानाघाट महकमा अदालत में पेश किया गया, जहां न्यायाधीश ने उन्हें तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेजने का निर्देश दिया। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की रात बगुला निवासी एक युवक के घर की छत पर चार दोस्तों ने शराब पार्टी का आयोजन किया था। मृतक सौमेन के दोस्तों ने बताया कि पार्टी के दौरान अचानक सौमेन बेहोश होकर गिर पड़ा। उसे तुरंत बगुला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गिरफ्तार युवकों में से एक,



चंदन विश्वास, ने बताया कि कल सौमेन अपनी प्रेमिका से मिलने के बाद हमारे पास आया। उसकी आंखें लाल थीं। उसने कहा कि चलो शराब पीते हैं। हमने मना किया कि हमारे पास पैसे नहीं हैं, तब उसने कहा कि मैं पिलाऊंगा। शराब पीने के बाद वह चुपचाप सिर झुकाकर बैठ गया। हमने कहा, थोड़ा लेट जा, फिर उसने लेटते ही कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। बहुत आवाज देने पर भी नहीं उठा, तब हम लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, युवक की मौत को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मौत के असली कारण की जांच की जा रही है। यह भी जांच की जा रही है कि इस मौत के पीछे कोई अन्य वजह तो नहीं है।

## हावड़ा मंडल ने स्पेशल कैंपेन 5.0 के तहत व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने स्पेशल कैंपेन 5.0 के तहत 19 अक्टूबर को एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य हावड़ा स्टेशन और उसके आस-पास के क्षेत्रों में उच्च स्तर की स्वच्छता बनाए रखना था। विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की एक बड़ी टीम ने इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। अभियान के दौरान यात्री और परिचालन क्षेत्रों से कचरे




की पूरी तरह सफाई की गई। विशेष रूप से पटरियों और नालियों की सफाई पर जोर दिया गया ताकि जलजमाव की समस्या से बचा जा सके और यात्रियों तथा रेलवे कर्मचारियों के लिए एक स्वच्छ और स्वास्थ्यप्रद वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। यह पहल स्वच्छ रेल, स्वच्छ भारत के विज़न को साकार करने के हावड़ा मंडल के सतत प्रयासों का हिस्सा है, जो सतत स्वच्छता और बेहतर यात्री सुविधाओं के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। अभियान के बाद भी स्वच्छता के इस स्तर को बनाए रखने के लिए नियमित निरीक्षण और निगरानी की जा रही है।

## सियालदह स्टेशन पर आरपीएफ की सतर्कता से गांजा तस्करी की बड़ी साजिश हुई नाकाम



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की आरपीएफ ने 18 अक्टूबर को ऑपरेशन नारकोस के तहत मादक पदार्थों की तस्करी की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया। सियालदह मुख्य पोस्ट की आरपीएफ टीम ने सियालदह रेलवे स्टेशन पर एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से लगभग 7.634 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1,90,850 आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपी और बरामद मादक पदार्थों को जीआरपी-एस/सियालदह को सौंप दिया गया, जहां नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंसेस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह सफल कार्रवाई पूर्व रेलवे की आरपीएफ की उस निरंतर मुहिम को रेखांकित करती है, जिसके तहत रेलवे परिसरों में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने और यात्रियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# भारतीय स्पोर्टिंग क्लब की 51वीं काली पूजा का भव्य उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** गेस्टिन प्लेस में रविवार को भारतीय स्पोर्टिंग क्लब की 51वीं वर्ष की काली पूजा का उद्घाटन संपन्न हुआ। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शुभंकर सरकार, पूर्व सांसद प्रदीप भट्टाचार्य, अमिताभ चक्रवाती, प्रवीण अग्रवाल, वार्ड 45 के पार्षद संतोष पाठक और मुंबई की प्रसिद्ध अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में हजारों लोग उपस्थित होकर कार्यक्रम की भव्यता में चार चांद लगा रहे थे। कार्यक्रम में चंद्रेश मेघाणी, लाली छगानी, शमीम अख़्तर, विनोद तिवारी, लक्ष्मी कांत पांडेय, संजय पाठक, भोला यादव, रवींद्र तिवारी, सुधीर परिदा, इरफ़ान अब्बास, एहसान इलाही, फुरकान,



राजकुमार सड़ाओगी, प्रवीण सक्सेना, संभु पांडेय, चाँद पांडेय, रजनी सिंह, शिवजी पांडे, बहादुर प्रसाद बरी और रामनारायण मिश्रा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवराज वाल्मीकि, कालीनाथ सिंह, रोहित पाठक, भोला दास, केदार झा, राजू सिंह, सुनील चौबे, अजय सिंह, काली चरण हेला, दीपक हेला, रामप्रवेश सिंह, संतोष साव, अंजीत सिंह, राजेश तिवारी, रोहित वाल्मीकि, अनजीत सिंह, प्रशांत साव, संजय राउत और रघु ठाकुर की अहम भूमिका रही।

## बागदा में बदहाल सड़क की बलि चढ़ा नाबालिग, रोड रोलर की टक्कर से मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बागदा थाना अंतर्गत हेलेंचा दत्तपुलिया रोड के चरमंडल इलाके में खराब सड़क की मरम्मत के दौरान एक अनियंत्रित बाइक ने सड़क पर खड़े रोड रोलर को धक्का मार दिया। टक्कर से नाबालिग बाइक चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान आकाश मल्लिक के रूप में की गई है। वह पाथुरिया इलाके का निवासी था। बताया गया है कि गत शनिवार की रात किशोर एक युवक के साथ दत्तपुलिया इलाके से बाइक पर घर लौट रहा था। दत्तपुलिया सड़क कथित तौर पर खराब स्थिति में है। हालांकि, सड़क की मरम्मत का काम कुछ दिन पहले शुरू हुआ है। काम के लिए सड़क के किनारे एक रोड रोलर खड़ा था। बताया गया है कि सड़क के गड्ढों और छेदों से




बचते हुए बाइक चलाई जा रही थी। बताया जा रहा है कि आकाश की बाइक का पहिया गड्ढे में जा गिरा और उस पर नियंत्रण नहीं रहा। आरोप है कि बाइक सड़क किनारे खड़े रोड रोलर से टकरा गई। दोनों बाइक से गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तुरंत वहां पहुंचकर दोनों को बचाया और स्थानीय अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। जबकि, दूसरे युवक का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बांकुड़ा में भारी मात्रा में प्रतिबंधित आतिशबाजी जब्त



**बांकुड़ा :** जिले में पुलिस ने अवैध पटाखों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर बड़ी सफलता हासिल की है। पिछले दो दिनों में जिले के विभिन्न थानों की ओर से एक के बाद एक छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें भारी मात्रा में प्रतिबंधित और खतरनाक आतिशबाज़ी जब्त की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार , जिले के कई इलाकों में विभिन्न ब्रांडों और प्रकारों के अवैध पटाखे बड़ी मात्रा में भंडारित किए जा रहे थे। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने विशेष छापेमारी की। अभियानों के दौरान सैकड़ों किलो विस्फोटक सामग्री और कई तरह के उच्च ध्वनि वाले पटाखे बरामद किए गए।


काली पूजा पर शहर में आए ढाकियों ने सियालदह स्टेशन पर बांधा समां


आज फूलों से महकेगी आंगन, दीवाली से पूर्व फूल मार्केट में जोरदार खरीदारी


दीवाली से पूर्व बड़ाबाजार में विभिन्न सामानों की खरीदारी करते लोग

## बिहार चुनाव के बाद बंगाल में प्रचार शुरू करेंगे राहुल गांधी



**कोलकाता, समाज्ञा :** कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी नवंबर के अंत या दिसंबर की शुरुआत में पश्चिम बंगाल में अपना चुनाव अभियान शुरू कर सकते हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी को अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के दौरान एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। कांग्रेस के अनुसार, बिहार चुनाव के बाद राहुल गांधी चुनाव प्रचार के लिए पश्चिम बंगाल का दौरा कर सकते हैं।

# शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर रायदिघी में हमला, टीएमसी समर्थकों पर आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने दक्षिण 24 परगना जिले में उनकी कार पर हमला किया, जहां वह काली पूजा और दिवाली उत्सव में हिस्सा लेने गए थे। शुभेंदु ने दावा किया कि उनकी कार को कम से कम सात जगहों पर रोकने की कोशिश की गई और लालपुर मदरसे के सामने उस पर हमला हुआ। उन्होंने 'एक्स' पर घटना का कथित वीडियो साझा करते हुए लिखा कि आज दक्षिण 24 परगना जिले में मुझे कई बार अवैध बांग्लादेशी मुसलमानों के हमलों का सामना करना पड़ा। बाधा, बर्बरता और अराजकता की साजिश किसी और ने नहीं, बल्कि तृणमूल कांग्रेस की जिला परिषद सदस्य रेखा गाजी ने



पुलिस अधीक्षक (एसपी) कोटेश्वर राव की सहायता और समर्थन से रची। शुभेंदु ने कहा कि मैं किसी राजनीतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने नहीं जा रहा था, बल्कि एक हिंदू के रूप में काली पूजा और दिवाली उत्सव में शामिल होने जा रहा था। उन्होंने दावा किया कि हमलावर मुख्य रूप से अवैध घुसपैठिये थे, जो मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कारण अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। शुभेंदु ने बताया कि जिन लोगों ने उनकी कार को रोकने की कोशिश की, वे 'जॉय बांग्ला' जैसे नारे लगा रहे थे। उन्होंने बताया कि केंद्रीय बलों ने सड़क को खाली कराया और वह काली पूजा पंडालों का उद्घाटन करने के अपने निर्धारित कार्यक्रम के लिए आगे बढ़े। शुभेंदु ने कहा कि यह क्षेत्र बांग्लादेश से सटा हुआ है और इस निकटता ने उन्हें तृणमूल कांग्रेस के घुसपैठियों के अनुकूल तंत्र की मदद से यहां बसने का मौका दिया है। क्या पश्चिम बंगाल में कोई हिंदू, कट्टरपंथियों की बाधाओं का सामना किए बिना, किसी भी धार्मिक आयोजन में स्वतंत्र रूप से हिस्सा नहीं ले सकता? वे मुझे डरा नहीं सकते, मैं जगद्धात्री पूजा के दौरान भी क्षेत्र में आऊंगा।

### टीएमसी ने खारिज किया शुभेंदु पर हमले का आरोप, कहा...
## 'भाजपा को जनता बर्दाश्त नहीं कर रही'



तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी की गाड़ी पर कथित हमले के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि इन दावों में कोई सच्चाई नहीं है और यह भाजपा का सुनियोजित नाटक मात्र है। उन्होंने कहा कि यहां लोकतंत्र है, कोई जहां जाना चाहे जा सकता है। भाजपा को अब आम लोग बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। कुणाल घोष ने शुभेंदु अधिकारी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा नेता ने केंद्र सरकार को '100 दिनों के काम' का पैसा देने से रोक दिया था। घोष ने कहा कि आम लोगों को यह अच्छी तरह याद है कि शुभेंदु ने दिल्ली को फंड देने से मना कर दिया। आवास योजना का पैसा भी भाजपा नेताओं ने रोका। लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी न केवल 100 दिनों के काम का पैसा दे रही हैं, बल्कि आवास योजना के तहत भी लाभ पहुंचा रही हैं। इसलिए जनता भाजपा से बेहद नाराज है। उन्होंने कहा कि ममता सरकार ने पिछले साल 100 दिनों के काम के तहत लाखों परिवारों को आवास और रोजगार प्रदान किया, जबकि केंद्र की योजनाओं में देरी भाजपा की चालबाजी का नतीजा है।

# इंटाली में बंद घर से वृद्धा का शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** शहर कोलकाता में फिर अकेली रह रही एक वृद्धा की रहस्यमय मौत का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को इंटाली थाना क्षेत्र में स्थित एक बंद फ्लैट का दरवाजा तोड़कर बुजुर्ग महिला शव बरामद किया गया। उसकी मौत कैसे हुई, यह रहस्य बना हुआ है। पुलिस जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतका की पहचान रेखा साहा (57) के रूप में की गई है। वह पॉटरी रोड की निवासी थी। वह 5 मंजिला इमारत की दूसरी मंजिल पर रहती थीं। वृद्ध महिला के दो बच्चे हैं। बेटा विदेश में रहता है। जबकि, बेटी बिहार में रहती है। महिला घर में अकेली रहती थी। उसका अपने बेटे और बेटी से



संपर्क था। बताया गया है कि शनिवार की सुबह से पड़ोसियों को रेखा की कोई आवाज नहीं सुनाई दी थी। घर अंदर से बंद था। काफी देर तक कोई जवाब नहीं मिलने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आकर दरवाजा तोड़ा और वृद्ध महिला का शव बरामद किया। उसे एनआरएस अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# तृणमूल कांग्रेस डर दिखाकर चुनाव जीतना चाहती है : दिलीप घोष

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में बढ़ती हिंसक घटनाओं को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने टीएमसी पर डर और बल प्रयोग के जरिए चुनाव जीतने का आरोप लगाया और राज्य में लोकतंत्र की स्थिति पर गंभीर सवाल उठाए। उनका यह बयान दार्जिलिंग से भाजपा सांसद राजू बिस्ता के काफिले पर हुए हमले की घटना के बाद आया है। दिलीप घोष ने कहा कि राज्य में हर तरफ हिंसा बढ़ रही है। टीएमसी डर और धमकी देकर चुनाव जीतने की रणनीति अपनाती है। अगर जनप्रतिनिधि, सांसद और विधायक लोगों से खुलकर मिल नहीं सकते,



तो लोकतंत्र का क्या मतलब रह जाता है? अगर ये लोग सुरक्षित नहीं हैं, तो आम नागरिक चुनाव में कैसे हिस्सा लेगा? उन्होंने यह भी कहा कि जैसे-जैसे एसआईआर की संभावना बढ़ रही है, टीएमसी का तनाव बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते उनकी भाषा और रवैया बदल रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सांसद और विधायक जैसे लोग जनता से नहीं मिल सकते, तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया कैसे सुचारू रूप से चल सकती है। भाजपा नेता ने टीएमसी सरकार पर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति चरमरा गई है। टीएमसी की रणनीति डर का माहौल बनाकर विपक्ष को दबाने और मतदाताओं को प्रभावित करने की है। राज्य में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित कराना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर बंगाल में स्थिति नहीं सुधरी तो आम नागरिकों का लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास कमजोर होगा, जो देश के लिए खतरनाक हो सकता है।

# मछली पकड़ते समय बंगाल के 14 मछुआरे बांग्लादेश में गिरफ्तार

❑ परिवार ने शीघ्र रिहाई की मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** पुलिस ने रविवार को बताया कि पश्चिम बंगाल के 14 मछुआरों को बांग्लादेश तटरक्षक बल (बीसीजी) ने अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में प्रवेश करने पर हिरासत में ले लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सभी मछुआरे दक्षिण 24 परगना जिले के कुलतली के निवासी हैं। वे 13 अक्टूबर को 'एफबी शुवोजात्रा' नामक एक ट्रॉलर में सवार होकर समुद्र में गए थे। पिछले शनिवार समुद्र में ट्रॉलर का इंजन खराब हो गया। इसके बाद, ट्रॉलर समुद्र में बहकर बांग्लादेशी जलक्षेत्र में चला गया। पड़ोसी देश के तटरक्षक बल और सेना ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने के बाद ट्रॉलर को जब्त कर लिया। दक्षिण 24 परगना जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमें पता चला है कि कुलतली के 14 मछुआरे अपने ट्रॉलर के खराब होने के बाद बांग्लादेशी जलक्षेत्र में चले गए। उनके परिवार के सदस्यों को सूचित कर दिया गया है। हमने यह जानकारी संबंधित अधिकारियों के साथ साझा की है ताकि वे उनकी रिहाई के लिए पड़ोसी देश के अधिकारियों से बातचीत कर सकें। मछुआरों के परिजनों को उनकी हिरासत के बारे में पता चला और बांग्लादेश में होने के कारण उनसे संपर्क करना मुश्किल हो रहा है। नतीजतन, त्योहारों के मौसम में कुलतली गांव बेचैनी की स्थिति में है। मछुआरों के संगठन ने दोनों देशों की सरकारों से तत्काल हस्तक्षेप करने की अपील की है ताकि मछुआरों को देश वापस लाया जा सके।

# साल्टलेक में मॉब लिंचिंग में व्यक्ति की हत्या, दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** साल्टलेक इलाके में मॉब लिंचिंग में एक व्यक्ति की 'हत्या' कर दी गई। इस घटना में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। घटना का खुलासा होते ही सनसनी फैल गई है। क्या यह हत्या पैसों के विवाद की वजह से हुई? या कोई और वजह है? पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान गौतम प्रमाणिक (45) के रूप में की गई है। वह मूल रूप से मालदह के मोथाबारी का निवासी था। लेकिन, वह कोलकाता के आनंदपुर थाना अंतर्गत वीआईपी नगर में एक किराए के मकान में अपने परिवार के साथ रहता था। वह एक स्वयंसेवी संस्था से जुड़ा था जो आवारा कुत्तों के लिए काम करती है। स्वयंसेवी संस्था के मालिक का घर साल्टलेक के एफसी ब्लॉक में है। बताया गया है कि गत 11 अक्टूबर की रात गौतम प्रमाणिक ड्राइवर के साथ साल्टलेक स्थित अपने घर जा रहे थे। कथित तौर पर, उसने घर के सामने कार खड़ी करके अंदर घुसने की कोशिश की। उसी समय, शाह अब्दुल कबीर, शेख राजू, मोहम्मद सिकंदर और कुछ अन्य लोगों ने कथित तौर पर उसे घेर लिया और उसके साथ मारपीट की। शाह आलम कबीर कथित तौर पर कंपनी के मालिक के लिए एक ड्राइवर के रूप में काम करता था। भीड़ की पिटाई से वह व्यक्ति लहूलुहान अवस्था में सड़क पर गिर गया। बाद में, उसे बचाकर अस्पताल ले जाया गया। उनका इलाज कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में चल रहा था। भीड़ की पिटाई के बाद, गौतम प्रमाणिक के बेटे ने बिधाननगर दक्षिण थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी। शनिवार की रात अस्पताल में उस व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने फिर हत्या का मामला दर्ज किया। घटना में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लेकिन इस हत्या का कारण क्या था? पैसे को लेकर विवाद, या कुछ और? पुलिस उस मामले की जांच कर रही है।

## दक्षिण बंगाल के कुछ जिलों में आज हल्की बारिश की संभावना

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण बंगाल के कुछ हिस्सों में अगले 24 घंटों में हल्की बारिश हो सकती है लेकिन कुल मिलाकर मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। अलीपुर मौसम विज्ञान कार्यालय ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस पूर्वानुमान से काली पूजा और दिवाली के त्योहार पर कोई असर नहीं पड़ेगा। मौसम कार्यालय ने बताया कि सोमवार की सुबह तक उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, पूर्व मेदिनीपुर और पश्चिम मेदिनीपुर में एक-दो जगहों पर हल्की बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि हालांकि, दोपहर से मौसम शुष्क रहेगा और काली पूजा व दिवाली पर मौसम की मार का कोई खतरा नहीं होगा। चार जिलों के कुछ हिस्सों के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है, हालांकि भारी बारिश का कोई अनुमान नहीं है।

# बसीरहाट में भारी मात्रा में प्रतिबंधित पटाखे बरामद, व्यापारी गिरफ्तार

**कोलकाता :** काली पूजा और दीपावली से ठीक पहले उत्तर 24 परगना जिले के बसीरहाट में पुलिस ने भारी मात्रा में प्रतिबंधित पटाखे जब्त किए हैं। यह कार्रवाई प्रशासन की सख्त निगरानी के बीच की गई, जब गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने भैबला रेलगेट के पास स्थित बाजार क्षेत्र में छापा मारा। मौके से एक पटाखा व्यापारी को गिरफ्तार किया गया है, जिसकी पहचान तन्मय घोष के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी उस इलाके में अवैध रूप से चॉकलेट बम और अन्य उच्च ध्वनि वाले पटाखे बेच रहा था। गुप्त जानकारी मिलने पर बसीरहाट थाने की पुलिस ने तत्काल छापा मारा और शुरुआती तलाशी में ही बड़ी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद किए। पूछताछ के दौरान व्यापारी ने अपराध स्वीकार कर लिया। बाद में की गई विस्तृत तलाशी में पुलिस ने 33 पैकेट चॉकलेट बम और करीब 22 किलो 'काली पटाखा' जब्त किए। आरोपी का घर भी भैबला रेलगेट के पास ही है। उसे गिरफ्तार कर बुधवार को बसीरहाट महकमा अदालत में पेश किया गया। बताया जा रहा है कि राज्य के विभिन्न जिलों में पुलिस लगातार छापेमारी कर प्रतिबंधित पटाखे जब्त कर रही है। हाल ही में कोलकाता से भी बड़ी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद हुए थे। प्रशासन ने काली पूजा और दीपावली के दौरान सुरक्षा और निगरानी को और सख्त करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी व्यापारी ने यह भारी मात्रा में प्रतिबंधित पटाखे किन स्रोतों से हासिल किए।


काली पूजा से पूर्व दक्षिणेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# टीएमसी ने चुनाव से पहले बड़े संगठनात्मक फेरबदल की घोषणा की

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने रविवार को राज्य के कई जिलों में संगठनात्मक फेरबदल की घोषणा की जिसमें अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ में बदलाव भी शामिल है। सत्तारूढ़ दल ने नदिया, बीरभूम और बशीरहाट (उत्तर 24 परगना) जैसे जिलों में अपनी महिला, युवा और श्रमिक शाखाओं के लिए नए ब्लॉक और नगर अध्यक्षों की नियुक्ति की। पार्टी ने नई जिला-स्तरीय समितियों का भी गठन किया। पार्टी ने एक बयान में कहा कि पार्टी अध्यक्ष ममता बनर्जी की प्रेरणा और मार्गदर्शन में तृणमूल कांग्रेस को नए तृणमूल कांग्रेस ब्लॉक/नगर अध्यक्षों की सूची की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

सूत्रों ने बताया कि अल्पसंख्यक वोटों को एकजुट करने और भाजपा के हिंदुत्ववादी आख्यान का मुकाबला करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए टीएमसी ने कोलकाता उत्तर और दक्षिण, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, और मुर्शिदाबाद (बरहामपुर और जियागंज) सहित 35 संगठनात्मक जिलों के लिए नए अध्यक्ष नियुक्त किए।

**CHANGE OF NAME & D.O.B**

I, SHABANA KHATUN, wife of No JC735771A, Rank- SUB, Name- Kazi Kamarulzzaman residing at Barghorai, P.O. Barghorai, P.S. Swarupnagar, District 24 Parganas (North), Pin- 743247, West Bengal. My name and D.O.B has been wrongly recorded in my husband service record. I do hereby declared that have changed my name from SABANA KHATUN and D.O.B- 22.11.1987 to SHABANA KHATUN and D.O.B- 06.01.1982 Vide affidavit before the Ld. 1st Class Judicial Magistrate at Alipore. dated 22.04.2025

# केरल : बंगाल का व्यक्ति पत्नी की हत्या कर शव दफनाने के आरोप में गिरफ्तार

**कोट्टायम (केरल)/कोलकाता :** पुलिस ने पश्चिम बंगाल के एक निवासी को अपनी पत्नी की कथित तौर पर हत्या करने और उसके शव को यहां अयारकुन्नम में एक निर्माणाधीन मकान के पास दफनाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सोनी शेख (31) के रूप में हुई है। वह मुर्शिदाबाद जिले के धारापारा का निवासी है। वह अयारकुन्नम में श्रमिक के रूप में काम कर रहा था और उसे एर्नाकुलम के एक रेलवे स्टेशन से उस समय हिरासत में लिया गया जब वह कथित तौर पर अपने गृहनगर भागने का प्रयास कर रहा था। सोनी पर मुर्शिदाबाद निवासी अपनी पत्नी अल्पना खातून (28) की हत्या करने और उसे अयारकुन्नम में एक निर्माणाधीन मकान के पास दफनाने का आरोप है। पति-पत्नी यहां काम करते थे।

पुलिस के अनुसार, सोनी ने 17 अक्टूबर को गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें दावा किया गया था कि उसकी पत्नी तीन दिन पहले लापता हो गई थी। अपने बयान में सोनी ने कहा कि खातून 14 अक्टूबर को सुबह करीब आठ बजे किराना का सामान खरीदने के लिए उनके साथ बाजार गई थी, लेकिन जब वह शाम करीब 6:30 बजे काम से वापस लौटा तो वह घर पर नहीं थी। पुलिस को संदेह हुआ क्योंकि उसने घटना की सूचना तीन दिन बाद दी। सोनी को शनिवार शाम चार बजे पूछताछ के लिए पुलिस के समक्ष उपस्थित होने के लिए कहा गया था, लेकिन उसने सहयोग नहीं किया और कथित तौर पर अपने दो बच्चों के साथ पश्चिम बंगाल जाने वाली ट्रेन में सवार होने के लिए एर्नाकुलम चला गया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और पूछताछ के लिए वापस अयारकुन्नम ले आई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सोनी ने निर्माण स्थल पर खातून की हत्या करने की बात कबूल कर ली है। उसने पहले उसके सिर पर लोहे की रॉड से वार किया और बाद में उसका गला घोंट दिया। उन्होंने बताया कि उसने कथित तौर पर शव को कार्यस्थल के पास ही दफना दिया। पुलिस के अनुसार, सोनी ने विवाहेतर संबंध के संदेह के कारण खातून की हत्या की। बाद में, लगभग तीन बजे पुलिस सोनी को उस स्थान पर ले गई जहां उसने खातून को दफनाया था। पुलिस ने बताया कि इलाके में खुदाई के बाद शव बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि अपराध स्थल पर प्रक्रिया पूरी होने के बाद आरोपी को पुलिस थाने ले जाया गया, जहां उसकी गिरफ्तारी दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि बाद में रिमांड प्रक्रिया के तहत उसे अदालत में पेश किया जाएगा।

## हावड़ा पुलिस ने जाली नोटों के साथ पिता-पुत्र को रंगे हाथ पकड़ा

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के गोलाबाड़ी थाना पुलिस ने शनिवार रात सीपीटी क्वार्टर इलाके में छापेमारी कर जाली नोटों के साथ पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान सुमन मंडल और बाबू मंडल के रूप में हुई है। उनके पास से कुल नौ हजार रुपये के नकली नोट बरामद किए गए। बताया जा रहा है कि दोनों आरोपी उत्तर 24 परगना जिले के बादुरिया इलाके के निवासी हैं। हावड़ा ब्रिज के पास कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट के क्वार्टर में की गई छापेमारी के दौरान उन्हें रंगे हाथ पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे वाहक के रूप में काम करते थे और नकली नोट विभिन्न स्थानों पर सप्लाई करते थे। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस गिरोह के पीछे और कौन-कौन लोग शामिल हैं और नकली नोट कहां छापे जा रहे थे।



## न्यूज इन ब्रीफ

### गंगा नदी में नहाने गईं तीन लड़कियों की डूबने से मौत

**गाजीपुर (उप्र) :** गाजीपुर जिले के करंडा क्षेत्र में रविवार को गंगा नदी में नहाने गईं तीन लड़कियों की डूबने से मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने करंडा थाना क्षेत्र के रमजानपुर गांव की रहने वाली पूनम यादव (19), रोली यादव (16) और खुशी यादव (14) अमवा घाट पर नहाते समय गंगा नदी में डूब गईं। तीनों के शव पानी से निकाल लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि रमजानपुर गांव की ये लड़कियां रविवार सुबह गंगा घाट पर नहाने के लिए पहुंची थीं और नहाते समय एक लड़की गहरे पानी में डूबने लगी तो उसे बचाने की कोशिश में बाकी दो लड़कियां भी गहरे पानी में चली गईं और वे भी डूब गयीं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से लड़कियों की तलाश शुरू की। अधिकारियों ने बताया कि पूनम यादव और रोली यादव के शव पहले बरामद किए गए।

### भारत जहाजों को बिजली देने के लिए 200 मेगावाट क्षमता के परमाणु रिएक्टर विकसित कर रहा है

**नयी दिल्ली :** भारत 200 मेगावाट क्षमता के छोटे आकार के परमाणु ऊर्जा रिएक्टर विकसित कर रहा है जिन्हें मालवाहक जहाजों पर भी स्थापित किया जा सकता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां कहा, ''परमाणु ऊर्जा, परमाणु विखंडन द्वारा उत्पन्न ऊष्मा से उत्पन्न होती है जिससे बिजली उत्पादन होता है। आप रिएक्टर को जहां चाहें, यहां तक कि जहाज पर भी स्थापित कर सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) के वैज्ञानिक 55 मेगावाट और 200 मेगावाट क्षमता के दो परमाणु ऊर्जा रिएक्टर विकसित कर रहे हैं जिन्हें सीमेंट निर्माताओं जैसी अधिक ऊर्जा आवश्यकता वाली कंपनियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले बिजली संयंत्र में लगाया जा सकता है। अधिकारी ने कहा, ''ये परमाणु रिएक्टर बहुत सुरक्षित हैं और इनका उपयोग मर्चेंट नेवी के जहाजों को बिजली देने के लिए भी किया जा सकता है।''

### शाह ने कर्नाटक और महाराष्ट्र को बाढ़ राहत के लिए 1,950 करोड़ रुपये मंजूर किये

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 2025-26 के लिए कर्नाटक और महाराष्ट्र सरकारों को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) के केंद्रीय हिस्से की दूसरी किस्त के रूप में 1,950.80 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि जारी करने को मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि कुल राशि में से 384.40 करोड़ रुपये कर्नाटक के लिए और 1,566.40 करोड़ रुपये महाराष्ट्र के लिए स्वीकृत किए गए हैं, ताकि दोनों राज्यों को इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान अत्यधिक भारी बारिश और बाढ़ से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत सहायता प्रदान करने में मदद मिल सके। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह मंत्री के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने से प्रभावित राज्यों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### कश्मीरी पंडितों का 'राजनीतिक लाभ' के लिए इस्तेमाल किया गया: भाजपा नेता ने अपनी पार्टी की आलोचना की

**जम्मू :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के असंतुष्ट नेता जहांजैब सिरवाल ने रविवार को पार्टी पर विस्थापित कश्मीरी पंडितों का ''राजनीतिक लाभ'' के लिए इस्तेमाल करने का आरोप लगाया और पार्टी नेतृत्व से समुदाय के साथ ''लंबे समय से हो रहे अन्याय'' को दूर करने के लिए सार्थक कदम उठाने का आह्वान किया। पिछले साल अप्रैल में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए सिरवाल ने कहा, ''यह समुदाय भाजपा का सबसे अडिग प्रचारक रहा है, इसके बावजूद इसकी भूमिका को न तो मान्यता दी गई और न ही उसे पहचाना गया। भाजपा नेतृत्व ने राजनीतिक लाभ के लिए संसद में 500 से अधिक बार उनकी पीड़ा का जिक्र किया है और हर राजनीतिक विरोधी के खिलाफ एक हथियार के तौर पर उनका इस्तेमाल किया है।''

# अखिलेश यादव तत्काल अपना बयान वापस लेकर हिंदुओं से माफी मांगें: केशव प्रसाद मौर्य



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को दीपावली पर्व को लेकर दिए गए कथित बयान पर तत्काल हिंदुओं से माफी मांगने की मांग की है और उन्हें सनातन विरोधी करार दिया। मौर्य ने रविवार को 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''सपा मुखिया अखिलेश यादव जी, आपसे अनुरोध है कि तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति के लिए हिंदू आस्था का अपमान करना बंद करें।'' उन्होंने कहा, ''भारतीय संस्कृति में दीपदान सदियों पुरानी परंपरा है, जो प्रकाश, सद्भाव, आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है। आपने दीपावली पर दीये बेचने वाले प्रजापति समाज के रोजगार को भी छीनने का घिनौना कृत्य किया है।'' मौर्य ने कहा, ''आपके ओछे बयान ने प्रदेशवासियों सहित संपूर्ण भारत और विश्वभर में दीपोत्सव मनाने वालों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। आप तत्काल अपना बयान वापस लें और हिंदुओं से माफी मांगें।'' शनिवार को लखनऊ में अखिलेश यादव ने दीपोत्सव समारोहों को लेकर पूछे गए सवाल पर संवाददाताओं से कहा था, ''दुनिया में इस समय, क्रिसमस के समय पूरा शहर जगमगा उठता है और महीनों तक रोशनी रहती है। जरा इनसे सीखो। दीयों और मोमबत्तियों पर बार-बार खर्च क्यों हो रहा है, और यह सब मंथन क्यों?'' उन्होंने कहा, ''हम इस सरकार से क्या उम्मीद करें? ऐसी सरकारों को हटा देना चाहिए। हम बहुत सुंदर रोशनी करेंगे।'' भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए यादव को सनातन विरोधी मानसिकता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा, ''सपा प्रमुख अखिलेश यादव जी की सनातन विरोधी मानसिकता एक बार फिर उजागर हो गई है।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''सपा प्रमुख कभी हिंदू रीति-रिवाजों एवं आस्था से खिलवाड़ करते हैं, तो अब त्योहारों पर भी टिप्पणी करने से पीछे नहीं हट रहे हैं।'' चौधरी ने कहा, ''एक ओर जहां समस्त देशवासी दीपावली के पावन अवसर पर हर्षोल्लास के साथ स्वदेशी वस्तुओं की खरीददारी कर उत्सव मना रहे हैं, वहीं सपा प्रमुख इसे पैसों की बर्बादी बता रहे हैं।''

## हमारी पूरी कोशिश है कि लखनऊ को विश्वस्तरीय शहर बनाया जाए : राजनाथ सिंह



**लखनऊ :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि सरकार की पूरी कोशिश है कि लखनऊ को विश्वस्तरीय शहर बनाया जाए। अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन रविवार को जानकीपुरम सेक्टर-एफ में विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ''लखनऊ के विकास के प्रति हमारी पूरी प्रतिबद्धता है और हमारी पूरी कोशिश है कि लखनऊ को विश्वस्तरीय शहर बनाया जाए।'' सिंह ने कहा, ''बिना ईश्वर की मर्जी के कुछ नहीं होता। हम सांसद रहें या न रहें, लेकिन लखनऊ के विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता कायम रहेगी। दुनिया के कई देशों में लखनऊ नाम के शहर हैं। चार दिन पहले मैं ऑस्ट्रेलिया से लौटा हूं, वहां भी लखनऊ है। लेकिन मैं चाहता हूं कि यह हमारा लखनऊ विश्वस्तर का बने।'' उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश के विकास की जहां तक बात है, जितना संभव हो सका है, मैंने करने की कोशिश की है। आज मैं जो भी काम कर पा रहा हूं, वह श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के आशीर्वाद से संभव हो रहा है।'' इस अवसर पर उन्होंने सामुदायिक केंद्र और पुस्तकालय का लोकार्पण किया, साथ ही पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाओं का डिविजट माध्यम से अनावरण भी किया। राजनाथ सिंह ने कहा, लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल का कारखाना स्थापित हो चुका है, जो शहर के औद्योगिक विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा।'' उन्होंने कहा, ''यह सामुदायिक केंद्र हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा बनाया गया है, जो रक्षा मंत्रालय के अधीन है। एचएएल करिश्माई कार्य कर रहा है और तीन दिन पहले नासिक में एचएएल की इकाई ने 4.5 जेनरेशन का फाइटर प्लेन तैयार किया है, जिसका उद्घाटन मैंने किया है।''

## सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने मध्य क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

**नयी दिल्ली :** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने नेपाल और चीन से लगती सीमाओं सहित मध्य क्षेत्र में भारत की सैन्य तैयारियों की व्यापक समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि जनरल द्विवेदी ने रविवार को संपन्न हुए क्षेत्र के अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान पिथौरागढ़ और आसपास के इलाकों में कई ऊंचाई वाली अग्रिम चौकियों का दौरा किया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सेना प्रमुख ने परिचालन स्थिति का आकलन करने, सैनिकों को प्रेरित करने और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र में नागरिक-सैन्य संबंधों को मजबूत करने के लिए मध्य क्षेत्र में अग्रिम चौकियों का दौरा किया। सेना ने कहा कि जनरल द्विवेदी ने जारी क्षमता वृद्धि कार्यक्रमों की समीक्षा की जिनमें उन्नत निगरानी प्रणालियों, विशेषज्ञ गतिशील प्लेटफार्म, अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों के एकीकरण, टोही परिसंपत्तियों के अनुकूलन और संबद्ध सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय शामिल है। सेना ने बिना अधिक विस्तार से बताए कहा कि सेना प्रमुख ने चुनौतीपूर्ण इलाकों में पेशेवर दृष्टिकोण, अनुशासन और नये उपकरणों के अभिनव उपयोग की सराहना की। सेना के अनुसार, सेना प्रमुख ने सैनिकों के साथ बातचीत में, चरम जलवायु परिस्थितियों और उबड़-खाबड़ इलाकों में उनके साहस और कर्तव्य के प्रति अडिग समर्पण की प्रशंसा की। उन्होंने उभरती सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए भारतीय सेना की पूर्ण तैयारी की फिर से पुष्टि की।

## इस साल का छठ पर्व दिल्ली में भव्यता के नए मानक स्थापित करेगा : मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है कि इस साल का छठ पर्व पहले से कहीं अधिक भव्य, सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से मनाया जाए। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गुप्ता ने कहा, ''इस साल का छठ महापर्व दिल्लीवासियों के लिए खास और यादगार होगा।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह इस साल दिवाली अभूतपूर्व तरीके से मनाई जा रही है, उसी तरह छठ पर्व भी राजधानी में भव्यता और सुव्यवस्था के नए मानक स्थापित करेगा। बयान में कहा गया है कि उन्होंने आगामी छठ पर्व की तैयारियों का निरीक्षण करने के लिए कश्मीरी गेट के पास यमुना तट



पर वासुदेव घाट का दौरा किया। मुख्यमंत्री ने सफाई, समतलीकरण, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं से संबंधित चल रहे कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। गुप्ता ने अधिकारियों को सभी छठ घाटों पर सुरक्षा, सफाई, जलापूर्ति, यातायात, प्रकाश व्यवस्था और चिकित्सा सहायता के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा, ''दिल्ली सरकार इस साल छठ पर्व को पहले से कहीं ज़्यादा भव्य, सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से मनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।''

## प्रधानमंत्री मोदी 24 अक्टूबर को समस्तीपुर से चुनावी अभियान की करेंगे शुरुआत, बेगूसराय में भी रैली



**पटना :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले सप्ताह से बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने रविवार को बताया कि प्रधानमंत्री इस महीने के अंत तक चार चुनावी सभाएं करेंगे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए जायसवाल ने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी 24 अक्टूबर को समस्तीपुर में अपनी पहली रैली के साथ चुनावी अभियान की शुरुआत करेंगे। इसके बाद उसी दिन वह बेगूसराय में दूसरी सभा को संबोधित करेंगे।'' उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी अपने दौरे की शुरुआत समस्तीपुर जिले स्थित भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जन्मस्थली कर्पूरी ग्राम से करेंगे। प्रधानमंत्री वहां जाकर पूर्व मुख्यमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और इसके बाद अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। दूसरी सभा बेगूसराय में दोपहर बाद आयोजित की जाएगी। जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री 30 अक्टूबर को फिर से बिहार आएंगे और मुजफ्फरपुर तथा छपरा (सारण जिला मुख्यालय) में चुनावी सभाएं करेंगे। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री की अन्य रैलियां दो, तीन, छह और सात नवंबर को भी निर्धारित हैं। इनका विस्तृत कार्यक्रम बाद में जारी किया जाएगा।'' बिहार विधानसभा चुनाव के लिए मतदान दो चरणों में होंगे। पहले चरण में 121 सीट पर छह नवंबर को मतदान होगा। शेष 122 सीट पर 11 नवंबर को मतदान होगा।

## राजद की रितु जायसवाल के बगावती तेवर; पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ निर्दलीय लड़ेंगी चुनाव



**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रितु जायसवाल ने रविवार को घोषणा की कि वह बिहार विधानसभा की परिहार सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगी। जायसवाल ने कहा कि उन्होंने यह निर्णय पार्टी द्वारा उनके विरोधी को टिकट दिए जाने के विरोध में लिया है। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''कल शाम जैसे ही यह चर्चा फैली कि मुझे परिहार से टिकट न देकर बेलसंड से दिए जाने की संभावना है, परिहार की जनता के असंख्य फोन और फेसबुक-ट्विटर पर संदेश आने लगे। सबकी एक ही अपील थी- मैडम, परिहार को मत छोड़िए।'' राजद नेता ने कहा, ''पिछले पांच वर्षों से मैंने परिहार की मिट्टी, यहां के लोगों के सुख-दुख, संघर्ष और उम्मीदों को बहुत करीब से महसूस किया है। आज परिहार की बदहाल स्थिति के लिए वर्तमान भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) विधायक गायत्री देवी ही नहीं, बल्कि पूर्व विधायक डॉ. रामचंद्र पूर्वे जी भी समान रूप से जिम्मेदार हैं।'' उन्होंने कहा, ''यह बात किसी से छिपी नहीं है कि डॉ. पूर्वे ने पिछले विधानसभा चुनाव में राजद के विधान परिषद सदस्य रहते हुए, पार्टी से गद्दारी की थी। इसी कारण मुझे मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। आज जब पार्टी ने डॉ. पूर्वे जी की बहू को परिहार से टिकट दिया है, तो यह उनकी गद्दारी का पुरस्कार जैसा प्रतीत होता है।'' उन्होंने कहा, ''परिहार को छोड़कर किसी अन्य क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ना मेरी आत्मा को स्वीकार नहीं। इसलिए मैंने पार्टी नेतृत्व को साफ तौर पर अवगत करा दिया है कि यदि पार्टी किसी मजबूरीवश अपना निर्णय नहीं बदलती है, तो मैं परिहार से स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ूंगी।''

## झारखंड: शाकाहारी ग्राहक को 'नॉनवेज' बिरयानी परोसने पर रेस्तरां मालिक की गोली मारकर हत्या

**रांची :** रांची में शाकाहारी ग्राहक को कथित तौर 'नॉनवेज' (मांसाहारी) बिरयानी परोसने के बाद 47 वर्षीय एक होटल मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) प्रवीण पुष्कर ने बताया कि यह घटना शनिवार रात करीब 11.30 बजे हुई, जब एक ग्राहक ने कांके-पिठोरिया रोड स्थित होटल से शाकाहारी बिरयानी मांगी और पार्सल लेकर चला गया, लेकिन कुछ देर बाद वह कुछ अन्य लोगों के साथ वापस आया और शिकायत की कि उसे 'नॉनवेज' बिरयानी परोसी गई। उन्होंने बताया कि रेस्तरां मालिक की पहचान विजय कुमार नाग (47) के रूप में हुई है। पुष्कर ने बताया कि जब वह (रेस्तरां मालिक) एक मेज पर खाना खा रहे थे, तभी हमलावरों में से एक ने उन पर गोली चला दी और एक गोली उनके सीने में लगी। उन्होंने बताया कि अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृत व्यक्ति कांके थाना क्षेत्र के भिट्ठा का निवासी था। उन्होंने बताया कि शव को राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (आरआईएमएस) में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई जगहों पर छापेमारी कर रही है। कांके पुलिस थाने के प्रभारी प्रकाश रजक ने बताया, रविवार सुबह गुस्साए स्थानीय लोगों ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कुछ देर के लिए कांके-पिठोरिया रोड को जाम कर दिया।

## निर्वाचन आयोग ने छह साल बाद अपनी आर्थिक खुफिया समिति को दोबारा सक्रिय किया

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने बिहार चुनाव से पहले मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए धन, शराब और मादक पदार्थों के इस्तेमाल पर अंकुश लगाने के लिए छह साल के अंतराल के बाद अपने आर्थिक खुफिया समिति को फिर से सक्रिय कर दिया है। चुनावी खुफिया मामलों की बहु-विभागीय समिति (एमडीसीईआई) की शुक्रवार को यहां 2019 के बाद पहली बार बैठक हुई। इसमें चुनावी राज्य बिहार में मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए धनबल और मुफ्त उपहारों के इस्तेमाल को रोकने के लिए प्रवर्तन एजेंसियों और केंद्रीय पुलिस बलों की रणनीति को दुरुस्त किया गया। इस समिति का गठन 2014 में आम चुनावों से पहले किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि समिति की बैठक 2014 और 2019 के चुनावों से पहले हुई थी, लेकिन उसके बाद औपचारिक रूप से नहीं हुई। एजेंसी और सुरक्षा बलों के प्रमुख धनबल पर लगाम लगाने के लिए रणनीति बनाने के लिए बैठकें करते रहे हैं। शुक्रवार को उनकी बैठक और भी बड़े पैमाने पर हुई। बैठक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और निर्वाचन आयुक्त एस.एस. संधू और विवेक जोशी उपस्थित थे।

## रेलवे के खिलाफ फर्जी वीडियो प्रसारित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू: वैष्णव

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन उपायों की समीक्षा के बाद कहा कि सोशल मीडिया पर रेलवे को निशाना बनाकर फर्जी वीडियो प्रसारित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने लोगों से फर्जी वीडियो प्रसारित न करने की अपील भी की और कहा कि इससे यात्रियों में भ्रम पैदा होता है। वैष्णव ने त्योहारी सत्र के दौरान यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए आनंद विहार स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। रेल मंत्रालय की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि मंत्री ने स्टेशन पर यात्रियों से सीधे बातचीत भी की और स्टेशन परिसर की साफ-सफाई तथा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में पूछा। वैष्णव ने कहा, ''यात्री सुविधा और सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सोशल मीडिया पर रेलवे के बारे में फर्जी वीडियो प्रसारित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की गई है।'' निरीक्षण के दौरान रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा सहित कई अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारी उपस्थित थे।

## दिवाली से पहले हरित पटाखों की बिक्री शुरू होने पर दिल्लीवासी खुश

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को दिवाली से पहले हरित पटाखों की बिक्री शुरू होने से बाजारों में खुशी और उत्साह लौट आया। उच्चतम न्यायालय ने इस साल प्रमाणित पर्यावरण-अनुकूल पटाखों के इस्तेमाल की अनुमति दे दी थी, जिसके बाद रविवार से बिक्री शुरू हो गयी। शहर के सबसे व्यस्त थोक बाजारों में से एक सदर बाजार में पटाखों की दुकानों के बाहर लंबी कतारें लग गईं। कई परिवार त्योहारों की खरीदारी के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे थे और बहुत से बच्चे अपने माता-पिता के साथ बाजारों में पहुंचे थे। व्यापारी धैर्यपूर्वक ग्राहकों से बातचीत करते हुए देखे



गए और उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि हर पैकेट पर 'नीरी' की मुहर और स्कैनर कोड लगा हो, जो उन्हें 'हरित पटाखे' के रूप में प्रमाणित करता है। ग्राहक विश्वानंद सिंह ने कहा, इस दिवाली पर हरित पटाखों की अनुमति देने के लिए हम उच्चतम न्यायालय के बहुत आभारी हैं। यह

## उप्र: त्योहारों के मद्देनजर मिलावटखोरों के खिलाफ सख्ती, आठ करोड़ रुपये मूल्य की मिलावटी सामग्री जब्त

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर त्योहारों के समय मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त अभियान चलाकर अब तक आठ करोड़ रुपये मूल्य की मिलावटी सामग्री जब्त की जा चुकी है। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, आठ से 17 अक्टूबर तक चले 'दीपावली विशेष अभियान' के तहत खाद्य सुरक्षा एवं ओषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) की प्रवर्तन टीमों ने राज्य के विभिन्न जिलों में लगातार निरीक्षण और छापेमारी कर मिलावटी एवं संदूषित खाद्य पदार्थों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की। अभियान समाप्त होने के बाद भी मिलावटखोर आम जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ न कर सकें, इसके लिए सरकार ने जिला स्तर पर प्रवर्तन दलों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत बाजारों की नियमित निगरानी की जा रही है। उत्तर प्रदेश के खाद्य सुरक्षा एवं ओषधि प्रशासन आयुक्त डॉ. रोशन जैकब के निर्देशन में चलाए गए इस प्रदेशव्यापी अभियान में कुल 6,075 निरीक्षण और 2,740 छापेमारी की गईं। इस दौरान 3,767 नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए। अधिकारियों ने बताया कि विभागीय टीमों ने 3,548 क्विंटल मिलावटी या संदूषित सामग्री जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत 4.97 करोड़ रुपये है। साथ ही, 1,871 क्विंटल नुकसानदेह सामग्री को नष्ट कराया गया, जिसका मूल्य लगभग 2.89 करोड़ रुपये आंका गया।

# मुख्यमंत्री ने अयोध्या में भव्य दीपोत्सव का उद्घाटन किया, जलाए गए 26 लाख से अधिक दीप



**अयोध्या (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अयोध्या में भगवान राम और सीता के प्रतीकात्मक स्वरूपों का 'राज्याभिषेक' कर नौवें भव्य दीपोत्सव का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने पूजा-अर्चना करने के बाद अपने संबोधन में दीपोत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, ''जब हमने 2017 में अयोध्या धाम में दीपोत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया, तो इसके पीछे हमारा उद्देश्य दुनिया को यह दिखाना था कि वास्तव में दीप कैसे जलाए जाते हैं।'' अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष अयोध्या के 56 घाटों पर 26 लाख से अधिक दीप जलाकर एक विश्व कीर्तिमान बनाया गया। इस हेतु लगभग 28 लाख दीपों का इंतजाम किया गया था। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रति विपक्षी दलों के रुख को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ''इसी अयोध्या में राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान कांग्रेस ने कहा था कि राम एक मिथक हैं, जबकि समाजवादी पार्टी ने राम भक्तों पर गोलियां चलवाई थीं।'' उन्होंने पिछले वर्ष हुए राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में शामिल होने के निमंत्रण को विपक्षी दलों द्वारा कथित रूप से अस्वीकार किए जाने पर भी आलोचना की। योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''ये वही लोग हैं जो बाबर की कब्र पर सजदा करते हैं, लेकिन जब उन्हें श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित किया जाता है, तो वे निमंत्रण अस्वीकार कर देते हैं।'' मुख्यमंत्री ने अयोध्या में आए बदलावों को रेखांकित करते हुए कहा कि अयोध्या अब ''विकास और विरासत का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है।'' दीपोत्सव की भव्यता पर उन्होंने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में कुल एक करोड़ 51 लाख दीप जलाए जा रहे हैं।

## टिकट नहीं मिलने पर फूट-फूटकर रोए राजद नेता; कपड़े फाड़े, रुपये मांगने का आरोप लगाया



**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए टिकट बंटवारे को लेकर रविवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद के आवास के बाहर नाटकीय घटनाक्रम देखने को मिला, जब टिकट न मिलने पर एक नेता फूट-फूटकर रोने लगे, अपने कपड़े फाड़ लिये और सड़क पर लेट गए। मधुबन सीट से टिकट की उम्मीद लगाए बैठे मदन साह ने आरोप लगाया कि उनसे टिकट देने के एवज में 2.70 करोड़ रुपये मांगे गए थे। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। साह ने पत्रकारों से कहा, ''मैं लंबे समय से पार्टी से जुड़ा हूं। 2020 में मैंने इसी सीट से चुनाव लड़ा था और बहुत कम अंतर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार से हार गया था। इस बार टिकट मिलने का पूरा भरोसा था। मुझसे कहा गया कि 2.70 करोड़ रुपये दो। मैंने अपने बच्चों की शादी तक टाल दी और रुपयों की व्यवस्था की। अब मैं पूरी तरह बर्बाद हो गया हूं। कम से कम मेरे रुपये तो लौटा दें।'' राजद नेताओं ने इस आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है कि पार्टी के किसी पदाधिकारी ने उनसे टिकट के बदले रुपये मांगे थे। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया सोमवार को समाप्त हो रही है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि मधुबन सीट पर राजद स्वयं उम्मीदवार उतारेगा या यह सीट गठबंधन के किसी सहयोगी दल को सौंपी जाएगी।




वर्ष 10, पूर्णांक 3389 अंक 199, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in